卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 312 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शनिवार ♦19 अगस्त 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## रेरा के खिलाफ गजरे किसान

### प्रशासन ने रोकी ट्रैक्टर रैली, पुलिस से तीखी नोंक झोंक,हाईवे जाम

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। विकास प्राधिकरण के रेरा एक्ट के खिलाफ किसानों और पुलिस के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई। रेरा एक्ट के तहत किसानों ने ट्रैक्टर रैली निकालने का पूर्व में ही ऐलान किया था। किसानों ने चार



किसानों ट्रैक्टर रैली निकालकर गुस्से का इजहार किया। प्रशासन ने हल्द्वानी मंडी के पास रैली को रोक दिया। इस दौरान किसानों के उत्पीड़न के विरोध में आज युवा किसान संघर्ष समिति के बैनर तले बड़ी संख्या में किसान सड़कों पर उतरे। सौ ट्रैक्टरों के साथ रैली निकालने की परमिशन भी ली थी। जिसके तहत किसान शनिवार (शेष पृष्ठ सात पर)

## सेना की तैयारी के लिए दौड़ रहे युवक की मौत



लालकुआं(उद संवाददाता)। सेना में भर्ती की तैयारी के लिए दौड़ रहा युवक गश खाकर गिर पड़ा। उसे अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे म1त घोषित कर दिया। घटना से परिवार में कोहराम मचा है। सिंगल फॉर्म हल्दूचौड़ निवासी 18 वर्षीय युवक मनोज रावत पुत्र बहादुर सिंह रावत लम्बे समय से सेना की तैयारी कर रहा था। रोजाना की तरह वह दौड़ने के लिए निकट ही स्थित मैदान में गया था, जैसे ही वह तेज गति से दौड़ रहा था तभी अचानक गश खाकर गिर पड़ा। साथी युवकों ने उसे तुरंत उठाकर एसटीएच हल्द्वानी पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से जहां क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ पड़ी, वहीं परिवार में कोहराम मचा है। मनोज का एक भाई और दो बहने हैं, उसके पिता बहादुर सिंह हरियाणा प्रदेश के हिसार (शेष पृष्ठ सात पर)

## 800 पेटी बीयर ले जाते दो तस्कर गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। जनपद पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए केंटर वाहन में छिपाकर ले जाई जा रही 800 पेटी बियर की पकड़ी। जिन्हें अवैध तरीके से ले जाया जा रहा था। जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष मुक्तेश्वर कमित जोशी के नेतृत्व विजय कुमार चौकी प्रभारी धानाचूली साथी पुलिस कर्मियों हेका. जगदीश भारती, कांस्टेबल ललित के साथ अवैध मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम करने हेतु चौकी धानाचूली चेक पोस्ट पर रात्रि चैकिंग कर रहे थे। मध्य रात्रि दौरान एक कैंटर संख्या यूके 04 सीबी 0213 को रोककर चैकिंग की गई तो कैंटर से अवैध रूप से ले जाई जा रही कुल 800 पेटी बियर बरामद हुई। पुलिस



टीम ने वहां में सवार दोनों व्यक्तियों को अपनी हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपना नाम पता राहुल पुत्र सोम पाल निवासी बरहनी बाजपुर उधम सिंह नगर व संजय आर्य पुत्र कैलाश आर्य निवासी आईटीआई कॉलोनी थाना बनभूलपुरा हल्द्वानी बताया। पुलिस ने बरामद बीयर कब्जे में लेकर वाहन सीज कर दिया और दोनों नशा तस्करों को गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज कर लिया।

## सिंचाई विभाग कर्मी की हादसे में मौत

काशीपुर(उद संवाददाता)। सिंचाई विभाग में माली के पद पर कार्यरत एक कर्मचारी की आज सुबह सड़क हादसे



की चपेट में आकर मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया। अचानक घटी घटना को लेकर मृतक परिवार में मातमी कोहराम है। जानकारी के मुताबिक ग्राम कासमपुर गढ़ी, तहसील अफजलगढ़ जनपद बिजनौर उत्तर प्रदेश निवासी सुलेमान 55 वर्ष पुत्र बुंदू खां यहां काशीपुर के सिंचाई विभाग में माली के पद पर कार्यरत है और कैनल कॉलोनी में परिवार के साथ रहता है। पता चला है कि आज सुबह लगभग 8:30 बजे हुआ है पैदल दुकान पर सामान लेने के लिए जा रहा था इसी दौरान टांडा तिराहे के समीप अज्ञात मोटरसाइकिल चालक ने तेजी व लापरवाही से सिंचाई कर्मी को जबर्दस्त टक्कर मारते हुए उसे गंभीर रूप से लहूलुहान कर (शेष पृष्ठ सात पर)

### घायल युवक ने अस्पताल में तोड़ा दम



काशीपुर। सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल एक युवक की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया। जानकारी के मुताबिक राजपुर थाना रामनगर जनपद नैनीताल निवासी दयाल सिंह 24 वर्ष पुत्र कल्लू सिंह खेती बाड़ी का काम करता है। बताते हैं कि बीते 16 अगस्त को वह स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल संख्या (शेष पृष्ठ सात पर)

## ट्रांसपोर्ट स्वामी का ट्रक उड़ा ले गया नया चालक

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नियमित चालक की जगह रखा नया चालक बिना मालिक को बताये ट्रक अपने साथ ले गया। घटना की रपट दर्ज करा दी गई है। हरपाल सिंह सेठी पुत्र कृपाल सिंह सेठी निवासी कालाढुंगी रोड सत्यनारायण मन्दिर के पास, भोलानाथ गार्डन, थाना मुखानी हल्द्वानी ने कहा है कि उसका ट्रक जिसका संख्या यूके 04 सीबी 3037 जो उसकी फर्म कृपाल गुड कैरियर के नाम से दर्ज है । जिसे चालक रमेश सिंह चलाता है । 17 अगस्त 2023 को रमेश सिंह ने छुट्टी जाने (शेष पृष्ठ सात पर)

## रिटायर्ड बैंक प्रबंधक से चार लाख की ठगी

### साईबर ठग ने खुद को रिश्तेदार बताकर झांसे में लिया

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिले में साइबर ठगों का आतंक बढ़ता जा रहा है। आये दिन साईबर ठगों के जाल में फंसकर लोग अपनी मेहनत की कमाई को गवां रहे हैं। ताजा घटनाक्रम रिटायर्ड बैंक प्रबंधक एवं शहर के वरिष्ठ समाजसेवी डा. मनमोहन सिंह के साथ हुआ है। साईबर ठग ने खुद को रिश्तेदार बताकर चार लाख रूपये अपने खाते में ट्रांसफर करा लिये बाद में पता चला कि फोन करने वाला रिश्तेदार नहीं बल्कि साईबर ठग था।मामले में तहरीर के आधार पर साईबर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आदर्श कालोनी निवासी रिटायर्ड बैंक प्रबंधक एवं शहर के प्रतिष्ठित समाजसेवी डा. मनमोहन सिंह के पास विगत दिवस विदेश से एक फोन आया फोन करने वाले ने खुद को उनका (शेष पृष्ठ सात पर)

### ट्रांसपोर्ट स्वामी से लाखों की धोखाधड़ी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांसपोर्ट कार्यालय में काम करने वाले एक कर्मचारी ने अपने साथियों के साथ साजिश रचकर ट्रांसपोर्ट स्वामी से लाखों रूपयों का धोखाधड़ी कर ली । मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में प्रमोद शर्मा पुत्र अशोक शर्मा शान्ति कालोनी वार्ड 16. रूद्रपुर ने कहा है कि उसका शर्मा लोजिस्टिक के नाम पर ट्रासपोर्ट का कार्य है। उसके आफिस में बालकृष्ण शर्मा पुत्र नारायण दत्त शर्मा निवासी मसूदपुर, रोहतक, हरियाणा हाल निवासी विम स्क्वायर कालोनी, रुद्रपुर दिसम्बर 2022 से (शेष पृष्ठ सात पर)

## युवक को हनी ट्रैप में फंसाकर हजारों की ठगी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। न्यूड महिला की वीडियो डिलीट करने के नाम पर एक तथाकथित पुलिस अधिकारी द्वारा युवक से हजारों रूपयों की धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। मामले की रपट दर्ज करा दी गई हैं। दर्ज रपट में फुलसुंगा वार्ड नं. एक प्रदीप मण्डल पुत्र अधीर मण्डल ने कहा है कि 2 जून 2023 को उसके फेसबुक एकाउंट पर अंजली शर्मा नाम की आईडी से फ्रेंड रिक्वेस्ट आई तो उसने रिक्वेस्ट एसेप्ट कर ली । थोड़ी देर फेसबुक पर बातचीत करने के बाद उक्त महिला ने उसका मोबाईल नम्बर मांगा तो उसे अपना मोबाईल नम्बर दे दिया। पीड़ित का कहना है कि कुछ समय बाद उसके व्हाटसएप पर उक्त महिला ने मैसेज किया और थोड़ी देर तक बातचीत की और उसने मुझे विडियो कॉल किया। जब विडियों कॉल उठा ली तो उक्त महिला नग्न अवस्था में विडियों कॉल पर बात कर रही थी तों कॉल काट दी । परंतु उक्त महिला ने विडियो कॉल की रिकॉर्डिंग कर ली। उसके बाद उसके पास एक व्यक्ति का कॉल आया और बोला की वह प्रेमप्रकाश पुलिस ऑफिसर बोल रहा (शेष पृष्ठ सात पर)

## मामूली बात पर बेटे की हत्या करने वाले पिता गिरफ्तार

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। बेटे की चाकू मारकर हत्या करने वाले पिता को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त चाकू को भी



बरामद कर लिया है। जानकारी के मुताबिक बृहस्पतिवार की रात सितारगंज ग्राम लालपुर निवासी हाल में गुरुद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब के सेवादार सलविंदर सिंह उर्फ छिंदा पुत्र जागीर सिंह का अपने बेटा दलजीत सिंह से बरामदे में पंखे के सामने सोने को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि पिता और पुत्र दोनों में हाथापाई हो गई। पिता सलविंदर सिंह उर्फ छिंदा ने अपने (शेष पृष्ठ सात पर)

## रुद्रपुर डिग्री कॉलेज को मिलेगी आईटी लैब व गर्ल्स हॉस्टल

### विधायक शिव अरोरा के प्रयास से 6 करोड़ 27 लाख की धनराशि हुई जारी

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। विधायक शिव अरोरा ने देहरादून प्रवास के दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व उच्च शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत से मुलाकात की। उन्होंने उच्च शिक्षा मंत्री डॉ रावत से कहा कि रुद्रपुर डिग्री कॉलेज अब मॉडल डिग्री कॉलेज में शामिल हो गया है और यहां पर लगातार अध्ययन करने वालो की संख्या बढ़ती जा रही है जिसको देखते हुए यहाँ उनके अध्ययन के अनुकूल सुविधाएं भी अधिक हों इसको देखते हुए रुद्रपुर डिग्री कॉलेज में गर्ल्स हॉस्टल व आईटी लैब की स्थापना





हेतु आग्रह किया था। जिस उच्च शिक्षा मंत्री डॉ धन सिंह रावत द्वारा 6 करोड़ 27 लाख की धनराशि जारी कर दी है। विधायक शिव अरोरा ने कहा जिला मुख्यालय होने के साथ साथ यहाँ पूरे जिले व उसके आस पास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में छात्राएं अध्ययन हेतु आती है उसको देखते हुए गर्ल्स हॉस्टल का निर्माण छात्राओं की सुविधा के लिये एक बेहतर विकल्प साबित होगा जिससे उनको शिक्षा ग्रहण करने में कई दूर दराज क्षेत्रो से रोज आना नही पड़ेगा। रुद्रपुर डिग्री कालेज में आईटी लैब जिसकी मांग काफी से समय से थी ओर आधुनिक भारत टेक्नोलॉजी का भारत हैं इसलिए आईटी सुविधाओं से पूर्ण इस लैब के निर्माण से हमारे छात्र छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य हेतु इस आईटी लैब का काफी फायदा (शेष पृष्ठ सात पर)

# राज्यपाल ने किया पुलिस कंट्रोल रूम का भ्रमण

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शुक्रवार को कोर्ट रोड़, देहरादून स्थित "सरदार पटेल भवन" का भ्रमण कर पुलिस के अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने परिसर स्थित गढ़वाल परिक्षेत्र कार्यालय, उत्तराखण्ड पुलिस पेंशनर्स कार्यालय, प्रशिक्षण शाखा, यातायात निदेशालय कार्यालय का भ्रमण किया। राज्यपाल ने डायल-112 (इमरजेंसी रेस्पॉन्स सपोर्ट सिस्टम) कंट्रोल रूम का भ्रमण किया जहां डीजीपी अशोक कुमार ने उन्हें कंट्रोल रूम की कार्य प्रणाली के बारे में विस्तार से बताया। राज्यपाल ने कहा कि डायल-112 के माध्यम से आम लोगों की शिकायतों और समस्याओं का जिस प्रकार त्वरित समाधान किया जा रहा है वह प्रशंसनीय है। राज्यपाल ने उत्तराखण्ड पुलिस द्वारा ड्रोन से की जा रही मॉनिटरिंग फीड को देखकर यातायात प्रबंधन में उपयोग की जा रही तकनीक और विषम परिस्थितियों में भी यातायात ड्यूटी में नियुक्त पुलिस कर्मियों की विशेष प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि पुलिस के कार्यों में जिस प्रकार टेक्नोलॉजी को जोड़ा गया है वह प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि अच्छे रिजल्ट के लिए रियल टाइम मॉनीटरिंग और त्वरित रिस्पांस आवश्यक है। इस अवसर पर राज्यपाल ने पुलिस अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तराखण्ड पुलिस ने



मित्रता, सेवा और सुरक्षा के रूप में अपनी एक अलग पहचान स्थापित की है। उत्तराखण्ड पुलिस मॉर्डनाइजेशन, टेक्नोलॉजी और इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रही है। राज्यपाल ने कहा कि पुलिस, कानून व्यवस्था के साथ-साथ आपात स्थिति और विभिन्न प्रकार के आयोजनों जिनमें चार धाम यात्रा, कांवड़ यात्रा, ट्रैफिक नियंत्रण आदि के क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रही है। राज्यपाल ने कहा कि पुलिस को आधुनिक, संवेदनशील एवं स्मार्ट पुलिस बल बनने की दिशा में फोकस किए जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा वर्तमान में पुलिस को ट्रेनिंग के माध्यम से स्वयं को अपडेट करते रहना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पुलिस के प्रति लोगों का विश्वास सदैव बना रहे इसका निरंतर प्रयास किया जाय। उन्होंने कहा कि पुलिस को लोगों के बीच बनी पूर्व धारणाओं को समाप्त करने का भी प्रयास करना चाहिए। उन्होंने उत्तराखण्ड पुलिस द्वारा किये जा रहे विभिन्न महत्वपूर्ण कार्यों के बारे में आम जन तक प्रचार-प्रसार करने का सुझाव दिया, ताकि पुलिस के सकारात्मक कार्यों के बारे में आम जन को जानकारी हो सके। इस दौरान राज्यपाल ने कांवड़ यात्रा के सफल संचालन के लिए इस यात्रा से जुड़े अधिकारियों और जवानों का उत्साहवर्धन किया। डीजीपी अशोक कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि उत्तराखण्ड पुलिस ने एक ओर पीड़ित केंद्रित पुलिसिंग को ध्येय बनाया है तो दूसरी ओर अपराधियों पर सख्त कार्यवाही की है। उन्होंने बताया कि गम्भीर अपराधों में वर्कआउट एवं बरामद की गयी सम्पत्ति के क्षेत्र में पूरे देश में उत्तराखण्ड पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही का प्रतिशत सबसे बेहतर है। ड्रग्स, ट्रैफिक, साइबर क्राइम और महिला सुरक्षा उत्तराखण्ड पुलिस के फोकस एरिया हैं। जिन पर विशेष कार्ययोजना बनाकर कार्य किया जा रहा है। इस दौरान एडीजी प्रशासन अमित सिन्हा, एडीजी पीएस पी.वी.के. प्रसाद, एडीजी अपराध एवं कानून व्यवस्था ए. पी. अंशुमन सहित पुलिस विभाग के अन्य उच्चाधिकारी उपस्थित रहे।

# किच्छा विधानसभा को राज्य योजना के तहत मिली 1.5 किमी सड़क : बेहड़

किच्छा(उद संवाददाता)। विधायक तिलक राज बेहड़ ने बताया कि किच्छा नगर के अंतर्गत सिरौलीकलां से एक सडक जो दरऊ रोड को निकलती है जिसकी कल लम्बाई लगभग 1.5 किलोमीटर है इस सडक में रियासी आबादी के साथ कई छोटे बड़े कारखाने भी संचालित है तथा पिछले काफी वर्षो से जर्जर अवस्था में है तथा इसके निर्माण की मांग को लेकर कई बार वहां के



निवासी उनके पास आए थे इस संदर्भ में उन्होंने सरकार से इस सडक का निर्माण राज्य योजनाओं के तहत कराए जाने कि मांग की थी तथा सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद ऊधमसिंहनगर के विधानसभा क्षेत्र किच्छा के अन्तर्गत ग्राम सिरौलीकलां में बरेली रोड एन0एच0-74 के किमी0-230 से किच्छा दरऊ रोड स्थित सुंदर बाग तक मार्ग का हॉट मिक्स द्वारा पुन: निर्माण एवं सुधार का कार्य जिसके अन्तर्गत मोटर मार्ग की कुल लम्बाई 1.500 कि०मी० एवं लागत 127.54 लाख है, की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति दे दी गयी है तथा अब इस सडक का निर्माण शीघ्र हि प्रारम्भ हो जायेगा ।बेहड़ ने कहा उन्हें किच्छा विधानसभा कि एक एक सडक कि जानकारी है उनका प्रथम प्रयास जर्जर सड़को के शीघ्र से शीघ्र निर्माण कराये जाने का है वे इसको लेकर बहुत चिंतित भी है और लगतार प्रयास भी कर रहे है तथा आने वाले समय में बहुत सी सड़को के निर्माण कराने वाले है।

# कृमि मुक्ति दिवस के लिए दिया प्रशिक्षण

गदरपुर (उद संवाददाता)।एसएस पब्लिक स्कूल गदरपुर के सभागार में ब्लॉक गदरपुर के समस्त सरकारी एवं सहायता प्राप्त एवं निजी विद्यालयों के शिक्षकों का राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस 22 अगस्त एवं मौप अप राउंड 29 अगस्त 2023 हेतु प्रशिक्षण प्रदान किया गया । कार्यक्रम का शुभसरंभ शिक्षा विभाग के नोडल अधिकारी मृदुल कुमार गुप्ता एवं विजय शंकर द्वारा किया गया। स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टर विकास सचान द्वारा कृमि से होने वाले रोगों के संबंधन में बताया गया,




पेट में होने वाली कृमि बच्चों मे ऐनिमिया मुख्य कारण है जिसकी वजह से बच्चों का शारीरिक एवं मानसिक विकास बाधित हो जाता है। अत: प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का आयोजन प्रत्येक वर्ष किया जाता है, जिसे हेतु एल्बेंडाजोल की 400 एमजी की टेबलेट प्रत्येक बच्चे को विद्यालय में चबाकर खाने को दी जा रही है । आरके काउंसलर श्रीमती राधा मिगलानी द्वारा विद्यालय को भरे जाने वाले रिपोर्टिंग फॉर्मेट के संबंध में जानकारी दी गई । कार्यक्रम मे राजकीय इंटर कॉलेज गदरपुर के प्रधनाचार्य एवं एस एस पब्लिक स्कूल के प्रधनाचार्य का स्वास्थ्य विभाग एवं शिक्षा विभाग के परास्परिक सहयोग का महत्व बताया गया।अंत में कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु ब्लॉक प्रबंधक रिजवान अहमद द्वारा ब्लॉक के समस्त आए हुए नोडल अध्यापकों एवं एसएस पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य एवं मैनेजमेंट का धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

# समूहगान प्रतियोगिता में सेंट मेरिज स्कूल अव्वल

गदरपुर(उद संवाददाता)।भारत विकास परिषद शाखा गदरपुर ने ग्रोवर बारात घर में राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता हिंदी एवं संस्कृत भाषा में आयोजित की । जिसमें नगर के हिंदी पांडे, खंड शिक्षा अधिकागदरपुर द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। प्रतियोगिता में सेंट मेरिज स्कूल ने प्रथम, एस एस पब्लिक स्कूल ने द्वितीय तथा रेड रोज कान्वेंट स्कूल गदरपुर ने तृतीय स्थान प्रमोद गगनेजा, सचिव प्रमोद बजाज, कोषाध्यक्ष संजीव अनेजा, उपाध्यक्ष गौरव मदान एवं प्रदीप भुड्ड़ी, संरक्षक अशोक भुड्ड़ी, रविंद्र बजाज, प्रांतीय प्रकल्प संयोजक दीपक सुधा एवं संयोजिका श्रीमती ज्योति ग्रोवर, उप महिला संयोजिका श्रीमती किरण डावर, श्रीमती मंजू गुंबर,श्रीमती स्वर्णा अरोरा, श्रीमती दीक्षा बजाज, श्रीमती अल्लिका सुधा, श्रीमती राशि मदान, श्रीमती शीना






एवं अंग्रेजी माध्यम के कुल 9 विद्यालयों ने प्रतिभाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ वंदे मातरम् गीत से किया गया। दीप प्रज्वलन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दीपक बेहड, अध्यक्ष व्यापार मंडल गदरपुर एवं विशिष्ट अतिथि भास्करानंद प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में गिरीश दुबे,श्रीमती शैली बंसल एवं श्रीमती सुजीता नारंग ने अहम भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन प्रकल्प संयोजक सतीश बत्रा ने किया। इस कार्यक्रम में शाखा अध्यक्ष डॉक्टर विनोद चुघ, जीवन मदान, द्रोण बाजपेई, प्रवीण गिलहोत्रा, डॉक्टर विनीत अरोरा, कृष्ण लाल सुधा, कृष्ण लाल अनेजा, पंकज सेतिया, राजकुमार सिंधी, शिवा शर्मा, ऐश्वर्य बाजपेई, सोनू पोपली, रविन्दर वीर सिंह, महिला अरोरा, श्रीमती दीया गुंबर के अतिरिक्त समस्त विद्यालयों के प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य, विभिन्न समाचार पत्रों एवं न्यूज चौनलों के पत्रकार बंधु उपस्थित थे। अंत में पुरस्कार वितरण के बाद राष्ट्रीय गान के साथ कार्यक्रम समाप्त हुआ।

# भाजपा नेता रमेश चन्द्र जोशी ने सुनी लोगों की समस्याएं

खटीमा (उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी एवं भारतीय जनता पार्टी के नगर महामंत्री मनोज वाधवा ने वार्ड नंबर 16 एवं बूथ नंबर 2 में पहुंचकर भारतीय जनता पार्टी का बूथ सत्यापन एवं स्थानीय निवासियों की समस्याएं सुनी। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं बूथ अध्यक्ष अरविंद कश्यप के संचालन में हुई बैठक में स्थानीय निवासियों ने खटीमा में ड्रेनेज पानी भरने की समस्या का पूरी तरह निराकरण करने एवं विद्युत व्यवस्था चालू करने की मांग प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश सिंह जोशी के समक्ष रखिए साथ ही खटीमा गर्ल्स गवर्नमेंट इंटर कॉलेज का उच्चीकरण करने की मांग क्षेत्रीय जनता ने रमेश चंद्र जोशी के माध्यम से पुष्कर सिंह धामी के संज्ञान में लाने की मांग रखी। रमेश चंद्र जोशी ने जनता को विश्वास दिलाया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी खटीमा के विकास के लिए दृढ़ संकल्पित हैं और एक व्यापक रोड मैप खटीमा के विकास के लिए तैयार किया जा रहा है जिसमें खटीमा की जनता के सहयोग से खटीमा में बहुत सारी योजनाएं लागू करने के प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अपनी कर्मभूमि खटीमा के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे और



खटीमा के विकास के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। खटीमा की समस्याओं को लेकर लगातार पुष्कर सिंह धामी को अवगत कराया जा रहा है ।भाजपा कार्यकर्ता हर स्तर पर स्थानीय जनता की समस्याओं के निराकरण के लिए प्रयास कर रहे हैं बैठक में मुख्य रूप से नगर महामंत्री मनोज वाधवा, बुथ अध्यक्ष अरविंद कश्यप, एससी प्रकोष्ठ के नगर अध्यक्ष नवल बाल्मीकि, उपाध्यक्ष मनोज बाल्मीकि, वरिष्ठ समाजसेवी मंगतराम अरोड़ा, अवधेश गोयल, हेम चंद्र जोशी, महेश जोशी, भानु प्रताप, विजय कुमार, हरीश बत्रा, सुभाष कुमार, पंकज रस्तोगी, ऋषि रस्तोगी, रवि कुमार, मंगलसेन रस्तोगी, राजेश कुमार, आयुष सक्सेना, अंशुल कुमार, पिंकी गुप्ता, अर्पित चौधरी, विमल कुमार, शादाब सैफी, आदेश भटनागर, विशाल चौहान, राजेश कुमार खन्ना, सुंदरलाल गोयल आदि कार्यकर्ता एवं स्थानीय निवासी मौजूद थे।

# गर्भवती महिला ने कोतवाली में काटा हंगामा

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। शनिवार को एक गर्भवती महिला कोतवाली पहुंची और उसने पति पर मारपीट का आरोप लगाते हुए पुलिस से मदद की गुहार लगाई। पीड़िता ने सुनवाई नहीं होने पर हंगामा शुरू कर दिया और पुलिस पर आरोप लगाया कि अधिकतर महिलाएं पुलिस के कारण ही आत्मदाह जैसा कदम उठाने के लिए मजबूर होती है। वह पिछले कई माह से न्याय के लिए पुलिस के पास जा रही है। लेकिन उसकी सुनवाई नहीं हो रही। पीड़िता के मुताबिक वह गर्भवती है और पति ने आज घर से बाहर निकाल कर मारपीट की। पीड़िता का आरोप है कि पति पर कार्रवाई करने की बजाय उसे ही धमकाया जा रहा है। पीड़िता का कहना था कि पति अपना सिर फोड़ कर कोतवाली आ गया। आरोप उस पर लगा रहा है। बताया कि 10 दिन पहले ही कोतवाली में महिला हेल्पलाइन में समझौता लिख कर दिया, कभी मारपीट नहीं करुंगा। आज उसके साथ मारपीट की। मामला चौकी रम्पुरा क्षेत्र का है। महिला ने एसएसपी को भी प्रार्थना पत्र दिया है। समाचार लिखे जाने तक पीड़िता अपनी मां के साथ कार्रवाई की मांग को लेकर कोतवाली में बैठी हुई थी। इधर महिला दरोगा नेहा राणा का कहना है कि दोनों के बीच कई बार समझौता हो गया। बार बार झगड़ा कर आ जाते हैं। महिला दरोगा ने बताया कि महिला ने पति का सिर फोड़ दिया। उसका मेडिकल कराने भेजा गया है।

# गाली गलौज मारपीट व धमकी देने के मामले में दो लोग नामजद

काशीपुर(उद संवाददाता)। गाली गलौज मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर दो आरोपियों को नामजद करते हुए दो अज्ञात आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर मोहल्ला सुभाष नगर निवासी अनुभव गोयल पुत्र जितेंद्र गोयल ने बताया कि 12 अगस्त की रात्रि लगभग 11:00 बजे बाजपुर रोड पर प्रिया माल के समीप फसियापुरा टांडा उज्जैन निवासी उमेश कुमार तथा हरियाणा फार्म दभौरा मुस्तकम निवासी लबशेर पुत्र गुरजीत ने मामूली बात पर उसके साथ गाली गलौज करते हुए बुरी तरह मार पिटाई की। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि जब उसने विरोध किया तो उसे जान से मारने की धमकी दी गई।

# हिंदू जागरण मंच ने फूंका सरकार का पुतला

रूद्रपुर(उद संवाददाता) देहरादून के डालनवाला में अवैध रूप से चल रही मस्जिद और मदरसे को सील करने और मामले में एमडीडीए के सचिव के निलंबित करने की मांग को लेकर हिंदु जागरण मंच के कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन करते हुए डीडी चौक पर सरकार का पुतला फूंका। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने कहा कि जिलाधिकारी देहरादून ने एम.डी.डी.ए डालनवाला के फ्लैटों में पिछले 13 वर्षो से अवैध रूप से चल रही मस्जिद/ मदरसे को सील करने के आदेश दिये थे। इस आदेश को एम.डी.डी.ए सचिव मोहन सिंह ने दरकिनार कर दिया और मस्जिद/ मदरसे चला रहे लोगों से सांठ-गांठ कर फर्जी तरीके से शपथ पत्र प्राप्त कर कार्रवाई



रोक दी। हिजामं कार्यकर्ताओं ने कहा कि मामले को लेकर मुख्य सचिव से एमडीडी के सचिव के निलंबन और अवैध मस्जिद को सील करने की मांग की गयी थी लेकिन मांग पूरी नहीं हुई। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड का पूरा शासन-प्रशासन भ्रष्टाचार में लिप्त हो कर सरकार की नीति एवं मंशा के विरुद्ध अपना स्वयं का शासन चला रहा है और प्रदेश की आंतरिक सुरक्षा को चुनौती दे रहा है । प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि 24 अगस्त तक उक्त अवैध रूप से चल रही मस्जिद/ मदरसे को सील कर आवंटन निरस्त नहीं किया गया और एम.डी.डी.ए सचिव मोहन सिंह बर्निया को निलंबित नहीं किया गया तो 25 अगस्त को सचिवालय का घेराव किया जाएगा । पतला फूकने में सरदार हरदेव सिंह राधे राजा, विजय बाजपेयी, विराट आर्य, मुकुल सक्सेना ,चन्द्र पाल मौर्य, रोशन लाल श्रीवास्तव आदि शामिल थे।

# स्कूल के समक्ष लग रहे जाम से निजात दिलाने की मांग

## व्यापार मंडल अध्यक्ष छाबड़ा ने एसएसपी को सौंपा ज्ञापन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। देवभूमि व्यापार मण्डल, रूद्रपुर ईकाई गंगापुर रोड़ के अध्यक्ष सचिन छावड़ा ने एसएसपी को एक ज्ञापन सौंपकर उनसे गंगापुर मार्ग स्थित सेंट मैरी स्कूल के समक्ष लगने वाले जाम से निजात दिलाने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि गंगापुर रोड पर स्थित सेन्ट मेरी स्कूल में बच्चो को उनके घरों से लाने एवं स्कूल से घर ले जाने वाली बसों, टैम्पों, आदि की पार्किंग की कोई व्यवस्था न होने के कारण प्रतिदिन विद्यालय खुलने एवं छुट्टी के समय रोड पर भयंकर जाम की स्थिति होने से आये दिन झगडा, विवाद, दुर्घटनायें आदि होती है। इस सन्दर्भ में विद्यालय प्रधानाचार्या, प्रबन्धन कोई बात सुनने को तैयार नहीं। छावड़ा का कहना है कि सेन्ट मेरी स्कूल में दो हजार से अधिक विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण करने के लिए विभिन्न माध्यमों जिनमें बस, टैम्पों, एवं मोटर साइकिलों, स्कूटीं आदि पर सवार होकर विद्यालय आते हैं। जिन्हें गंगापुर मेन रोड पर उतारने की व्यवस्था होने से आये दिन स्कूल के सामने मुख्य मार्ग पर घंटों जाम लग जाता है। रोड पर आने



जाने वालों को अपनी डियूटियों, व्यवसायिक स्थलों पर जाने में अनावश्यक विलम्ब होता है। इस स्कूल के जिन वाहनों बसों एवं टैम्पो में बच्चे स्कूल आते हैं वे वाहन वही रोड पर ही पार्क कर देते हैं। जिससे यहाँ पर प्रतिदिन विवाद, झगड़ा, वाहन क्षतिग्रस्त होते रहते हैं। स्कूल प्रधानाचार्य, प्रबन्धन से इस बावत बात की कि स्कूली बच्चो को वाहनो से विद्यालय परिसर के अन्दर ही उतारने एवं बैठाने की व्यवस्था की जाये तो मार्ग पर जाम से छुटकारा मिल सकता है और वाहनों को रोड पर पार्क ना करने का अपने स्तर से आदेश पारित कर दिया जाये परन्तु विद्यालय प्रबन्धन, प्रधानाचार्य का स्पष्ट कहना है कि जिन वाहनों से बच्चे स्कूल आते जाते हैं उन वाहनों से विद्यालय का कोई सम्बन्ध नहीं है और न ही बच्चों के प्रति उनकी कोई जिम्मेदारी है। श्री छावड़ा ने एसएसपी से अनुरोध किया है कि उक्त प्रकरण को गम्भीरता से लेते हुये विद्यालय सेन्ट मेरी स्कूल के प्रधानाचार्य, प्रबन्धन को तलब करके अथवा वाहन मालिकों को सख्ती से आदेश दिया जाये कि रोड पर अनावश्यक जाम की स्थिति उत्पन्न न करे तथा विद्यालय खुलने एवं छुट्टी के समय कम से कम 4 पुलिस कर्मियों की वहाँ पर डियूटी लगा दी जाये ताकि वहाँ पर जाम की स्थिति उत्पन्न ही न हो। तथा जो बच्चे अपने अपने वाहनों से आकर अपने अपने वाहन विभिन्न कालोनियों में पार्क कर देते है उन्हे तथा उनके माता पिता को भी सख्त हिदायत दी जाये ताकि दुर्घटनाओं पर विराम लग सके।

# परिजनों के साथ हथियार लेकर महिला पहुंची ससुराल

## मारपीट कर पुत्री को जबरन ले जाने की कोशिश

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पति से अनबन होने के बाद एक वर्ष से मायके रह रही महिला अपने परिजनों के साथ हथियारों से लैस होकर ससुराल आ धमकी और पति की गैर मौजूदगी में ससुरालियों से मारपीट कर पुत्री को जबरन अपने साथ ले जाने लगी। पति के घर आ जाने तथा शोर होने पर आस पड़ोस के लोगों के आ जाने से सभी धमकी देते हुए मौके से फरार हो गये। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में देवेन्द्र शर्मा पुत्र वेद प्रकाश शर्मा निवासी शाति कॉलोनी, वार्ड 16, रुद्रपुर ने कहा है कि उसका पत्नी श्रीमती पल्लवी शर्मा पुत्री मनोज शर्मा का आपसी विवाद विगत लगभग लगभग एक वर्ष से है। जिसके चलते पत्नी पल्लवी विगत एक वर्ष से अपने मायके सूरजनगर कॉलोनी, पीतलनगरी, मुरादाबाद में रह रही है। उसकी एक पुत्री हिमांशी शर्मा उम्र 9 वर्ष, पुत्र युवराज शर्मा उम्र 6 वर्ष एवं हर्ष शर्मा 5 वर्ष उसके संरक्षण में मेरे साथ रहते है। आरोप है 7 अगस्त को उसके ससुर मनोज शर्मा, सास सुनीता शर्मा, साला पारस शर्मा, पत्नी श्रीमती पल्लवी शर्मा अपने वाहन संख्या डीएल 6सीएल 7073 से उसके घर पर आये। उसकी गैर मौजूदगी में अन्य परिजनों द्वारा जब विरोध किया गया तो उक्त सभी लोग परिजनों पर हमलावर हो गये और मार-पीट शुरू कर दी। सूचना मिलने में वह भी घर पर पहुंच गया तो उक्त लोगों ने उसके साथ भी मारपीट की। उक्त लोग तमन्चा आदि असलाह से लैस होकर आये थे। शोरगुल सुनकर लोग इकट्ठा होने लगे तो वह धमकी देते हुए फरार हो गये। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# 48 पाउच अवैध कच्ची शराब समेत दो गिरफ्तार

काशीपुर(उद संवाददाता)। कोतवाली पुलिस ने गश्त के दौरान अलग-अलग स्थानों से अवैध कच्ची शराब के दो कारोबारियों को पकड़कर दोनों के कब्जे से 48 पाउच कच्ची शराब बरामद किया। पूछताछ के बाद गिरफ्तार शराब कारोबारियों का पुलिस द्वारा आबकारी अधिनियम के अंतर्गत चालान कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक कोतवाली पुलिस क्षेत्र में राष्ट्रपति इसी दौरान उसने रमपुरा प्राइमरी स्कूल के पास झाड़ियों से संदिग्ध हालत में चहलकदमी करते हुए गुरमीत सिंह पुत्र अवतार सिंह निवासी उपरोक्त को शक के आधार पर दबोच कर तलाशी में उसके कब्जे से 15 पाउच अवैध कच्ची शराब बरामद किया। इसी तरह शिवांगी कॉलोनी के समीप एक बंजर पड़े प्लॉट के पास संदिग्ध हालत में टहल रहे उपरोक्त कॉलोनी निवासी कुलवंत सिंह पुत्र बाद सिंह को पुलिस ने पकड़ कर उसके कब्जे से 33 पाउच अवैध कच्ची शराब बरामद किया। पकड़े गए दोनों शराब कारोबारी से जरूरी जानकारी जुटाना के बाद पुलिस ने दोनों के खिलाफ धारा 60 आबकारी अधिनियम के अंतर्गत चालान करते हुए दोनों को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया।

# जिला विकास प्राधिकरण ने 15 निर्माणाधीन भवन किये सील, तीन कॉलोनियों का चालान

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। जिला विकास प्राधिकरण की ओर से रुद्रपुर और काशीपुर में अवैध रूप से विकसित की जा रही कॉलोनी और भवन निर्माण पर कार्रवाई की गई। टीम ने लालपुर क्षेत्र में कॉलोनी में निर्माणाधीन 15 भवनों को सील कर दिया। काशीपुर में तीन कॉलोनियों का चालान काटा गया। टीम ने रुद्रपुर में बिना नक्शे के बनाए गए बरातघर सहित 15 भवनों पर चालानी कार्रवाई की। प्राधिकरण उपाध्यक्ष हरीश कांडपाल के निर्देश पर टीम ने काशीपुर में विकसित की जा रही तीन कालोनियों के खिलाफ उत्तराखंड नगर एवं ग्राम नियोजन अधिनियम 1973 के तहत चालानी कार्रवाई की। इसके अलावा लालपुर क्षेत्र में अनाधिकृत रूप से विकसित की गई कॉलोनी में निर्माणाधीन 15 भवनों को सील कर दिया। टीम ने भवन स्वामियों को सील भवन में निर्माण नहीं करने की हिदायत दी। इसके बाद टीम ने एलायंस कॉलोनी सहित अन्य जगहों पर बिना नक्शा भवन निर्माण करने पर 15 लोगों के चालान किए। प्राधिकरण उपाध्यक्ष कांडपाल ने बताया कि अनाधिकृत कालोनी के ध्वस्तीकरण के आदेश भी हो चुके हैं। जल्द ही कॉलोनी में बनाई गई सड़क, नाली आदि निर्माण कार्य ध्वस्त किए जाएंगे। उन्होंने लोगों से भी नियमानुसार निर्माण और विकास कार्य की मंजूरी के बाद ही कार्य करने का अनुरोध किया है।

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

# व्यर्थ के टकराव से सदैव बचने का करें प्रयास: हरि चैतन्यपुरी

गढीनेगी (उद संवाददाता)। श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर एवं संत स्वामी श्री हरि चैतन्य पुरी जी महाराज ने यहाँ श्री हरि कृपा धाम आश्रम में उपस्थित भक्त समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि यथासंभव व्यर्थ के उलझाव व टकराव से सदैव बचने की कोशिश करें। संसार में किसी को छोटा तथा हीन समझकर कभी तिरस्कार ना करें। महानता के कार्य करें,लेकिन स्वयं को महान ना समझे। जिसमें जितना अधिक बड़प्पन आता है वह उतना ही विनम्र व सरल हो जाता है। अभिमान चाहे रूप, धन, ताकत, वैभव, जाति, पद आदि का कोई भी क्यों ना हो प्रभु प्राप्ति में सर्वाधिक बाधक है। दोष दूसरों के नहीं अपने देखें और सुधारें। विचार करें कि आखिर ईश्वर ने हमारे आंख, कान, हाथ, पैर इत्यादि शरीर के अंगों को दो भागों में विभाजित क्यों किया ? तथा जीभ एक ही क्यों रखी ? वाणी का सर्वाधिक



महत्व है इससे शत्रुता को प्रेम में व प्रेम को शत्रुता में बदला जा सकता है। उन्होंने अपने दिव्य व ओजस्वी प्रवचनों में कहा कि मुक्ति मृत्यु के बाद नहीं जीवन के रहते ही प्राप्त करनी है। दोषों, विकारों, बुरे व्यसनों, अंधविश्वास, राग, द्वेष, वैर-विरोध मतभेद इत्यादि से जीवन रहते ही मुक्त होना है। अर्थ, धर्म, काम, मोक्ष जीवन के चारों पुरुषार्थ प्रभु स्मरण करते हुए कर्तव्य परायण होकर प्राप्त करें। अपनी कुतर्क बुद्धि को दबाकर रखें। भक्ति तो भाव प्रधान है। भक्ति में मन, वाणी या बुद्धि से भी तर्क की गुंजाइश नहीं। ज्ञान में तर्क को स्थान हो सकता है कुतर्क को नहीं। ईश्वर ही सत्य है समस्त संसार मिथ्या है। दूसरों का अहित चाहने वाले या करने वाले का कभी हित नहीं होता। सच्चा सुख तो परमात्मा की शरण में ही है। अपने धारा प्रवाह प्रवचनों से उन्होंने सभी भक्तों को भाव विभोर कर दिया। सारा वातावरण श्री गुरु महाराज की जय। कामां के कन्हैया की जय। लाठी वाले भैया की जय जयकार से गूंज उठा। इस वर्ष 7 सितंबर को श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के पावन अवसर पर श्री हरि कृपा धाम आश्रम गढीनेगी में रात्रि 8 बजे से 12 बजे तक विराट धर्म सम्मेलन का आयोजन होगा।

# सिक्स सिग्मा में एंटी रैगिंग सप्ताह के अंतर्गत सेमिनार आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सिक्स सिग्मा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एण्ड साइंस में एंटी रैगिंग सप्ताह के अंतर्गत सेमिनार तथा स्लोगन एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में संस्थान के लगभग 200 छात्र-छात्राओं भाग लिया। संस्थान के प्रधानाचार्य ललित सिंह बिष्ट द्वारा एंटी रैगिंग सप्ताह के अंतर्गत कार्यक्रम में रैगिंग के बुरे परिणामों के बारे में अवगत कराया एवं इस पोस्टर प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं के द्वारा बनाये गए पोस्टर का अवलोकन कर प्रमाण पत्र तथा पुरस्कार



से सम्म्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में एंटी रैगिंग कमेटी के सदस्य ललित भट्ट, मुकेश कुमार, कृष्णशील, अमित प्रकाश, साहिल छाबड़ा एवं नेहा मंडल ने अपने-अपने विचार रखे। संस्थान के चेयरमैन राजेश डाबर, को- चेयरमैन प्रीत ग्रोवर, प्रबंध निदेशक सीए शिव अरोरा, प्रबंध निदेशिका डॉ. सीमा अरोरा, मैनेजमेंट प्रतिनिधि वंश डाबर, सी.ए.ओ. श्री अनुभव बाठला व प्रवक्ता ललित भट्ट ने छात्रों को शुभकामनाएं प्रदान की। कॉलेज ऑफ पॉलिटेक्निक के प्रधानाचार्य ललित सिंह बिष्ट ने सेमिनार के उपरांत सभी छात्रों को रैगिंग की किसी भी गतिविधि में शामिल न होने के लिए प्रेरित किया।

# लूटपाट के आरोपियों को पांच-पांच वर्ष का कारावास

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। घर में घुसकर लूटपाट करने के आधा दर्जन अपराधियों को द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश शादाब बानों ने 5-5 वर्ष के कठोर कारावास और 5000-5000 रूपये जुर्माने की सजा सुना दी। ओबीसी बैंक पंतनगर के सामने रहने वाले कश्मीरी लाल ने पंतनगर थाने में रिपोर्ट लिखवाई थी की सात अगस्त 2015 की शाम मटकोटा फॉर्म स्थित अपनी किराने की दुकान को बंद कर घर चले गए खाना खाने के बाद करीब 10 बजे वह अपनी पत्नी श्रीमती कमला देवी व पुत्र सोनू के साथ टीवी देख रहे थे कि बाहर से सोनू-सोनू की आवाजें आयीं तो उनकी पत्नी ने जाकर दरवाजा खोला तो 5-6 लोग तमंचे लिए हुए अन्दर घुस आए और बोले कि जितने पैसे व जेवर हैं सब निकाल कर दे दो वरना जान से मार देंगे हमारे विरोध के बावजूद उन बदमाशों ने अलमारी में रखे 15 हजार रुपये व मेरा पर्स लूट लिया। इसी बीच पुत्र सोनू बदमाशों की नजर बचाकर घर से बाहर निकल गया और शोर मचा दिया जिसे सुनकर आसपास के लोगों को आते देख बदमाश तमंचे लहराते हुए भाग गए। पुलिस ने भागदौड़ कर लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया पकडे गये मोनू सिंह उर्फ मोनू राठौर पुत्र धनपाल सिंह निवासी-रमता भूते थाना सिरौली जिला बरेली(यूपी),नितिन पटेल उर्फ देवराज पुत्र बेगराज निवासी सिरकुनियां थाना बिथरी चौनपुर जिला बरेली(यूपी),राजबाबु पुत्र शिवदयाल सिंह निवासी खाईखेड़ा थाना भूसा जिला बरेली(यूपी),जयप्रकाश पुत्र भीमसिंह निवासी चुरैला थाना बहेडी जिला बरेली(यूपी), हरेन्द्र सिंह पुत्र लालाराम निवासी भगवतीपुर थाना बिखरी चौनपुर जिला बरेली (यूपी) के पास से एक-एक तमंचा व लूटी गई नगदी के कुछ रूपये तथा कान्ता प्रसाद पुत्र नत्थूलाल निवासी ग्राम राठ थाना देवरानियाँ जिला बरेली (यूपी) के पास से एक चाकू बरामद हुआ। सभी के विरूद्ध द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश शादाब बानों की अदालत में मुकदमा चला जिसमें सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता ने 11 गवाह पेश कर आरोप सिद्ध कर दिया जिसके बाद न्यायाधीश महोदय द्वारा सबको लूट का आरोपी करार देते हुए 5-5 वर्ष के कठोर कारावास और 3000-3000 रूपये जुर्माने तथा शस्त्र अधिनियम के तहत एक-एक वर्ष के कठोर कारावास और 2000-2000 रूपये जुर्माने की सजा सुना दी।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com 05944-246817

# घर में सोये व्यक्ति पर जानलेवा हमला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विगत रात्रि निकटवर्ती ग्राम बिंदुखेड़ा में घर में सोंये व्यक्ति पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। घटना की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में अमरजीत सिंह पुत्र दर्शन सिंह निवासी ग्राम बिन्दुखेड़ा ने कहा है कि 17 अगस्त की रात्रि उसके पिता दर्शन सिंह पुत्र स्व. भोला सिंह घर में सो रहे थे कि तभी कश्मीर सिंह उर्फ भालू ने धारदार हथियार से उन्हें जान से मारने के इरादे से हमला कर दिया। पिता की चिल्लाने की आवास सुनकर जब पड़ोस के लोग पहुचें तो कश्मीर सिंह भाग गया। घटना में पिता लहूलुहान हो गये। जिसके बाद 108 वाहन से पिता को ईलाज कराने के लिए जिला हॉस्पिटल ले गये, जहाँ से उन्हें सुशीला तिवारी हॉस्पिटल हल्द्वानी के लिए रेफर कर दिया गया। पुलिस ने हमलावर के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी हैं।

# ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र में तीन घरों से हजारों की चोरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र में अज्ञात चोरों ने तीन घरों से हजारों रूपये का सामान चोरी कर लिया। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में रतनेश कुमार पुत्र राम श्रृंगार भगत निवासी जगतपुरा, ने कहा है कि 17 अगस्त की रात्रि उसके घर से अज्ञात चोर उसका मोबाईल चोरी कर ले गया। अपने आस-पड़ोस में पता किया गया तो पता चला कि पड़ोस में रहने वाली चन्द्रिका रानी पुत्री स्व. हरीश चन्द्र का मोबाइल फोन व 5,000 नकद चोरी हुए तथा मुन्ना महतो पुत्र प्रभु महतो के घर से एक मिक्सी चोरी हो गई है। पुलिस ने तीनों घटनाओं की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# हैदरबाद में उत्तराखण्ड के खिलाड़ियों ने लहराया परचम

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। तेलंगाना, हैदरबाद में आयोजित हुई एनकेएफआई चतुर्थ राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता 2023 में उत्तराखण्ड राज्य के कराटे खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन दिखाते हुए पांच स्वर्ण पदक, चार रजत पदक, सात कांस्य पदक जीतकर राज्य का नाम रोशन किया है। जानकारी देते हुए एमेच्योर कराटे–डू एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के महासचिव सिहान किशोर सिंह ने बताया कि दिनांक 11 से 12 अगस्त 2023 तक एनकेएफआई नेशनल कराटे फैडरेशन के तत्वावधान एवं तेलांगना एमेक्योर स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन के सौजन्य से कोटला विजय भास्कर रेड्डी इंडोर स्टेडियम यूसुफगुडा, हैदराबाद में एनकेएफआई चतुर्थ राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता 2023 आयोजित हुई। जिसमें भारत देश से लगभग 20 राज्यों के 1000 खिलाड़ियों व 150 से भी ज्यादा रैफरी व जजों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में 17 खिलाड़ियों ने उत्तराखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए पदक प्राप्त किए। जिसमें सबजूनियर बालिका आयु वर्ग की कुमिते इवेंट (–24 किग्रा) में अंशिका शर्मा ने रजत व काता इवेंट में कांस्य पदक, अंडर 12 बालिका आयुवर्ग की कुमिते इवेंट (–45 किग्रा) में सृष्टि वशिष्ठ ने कांस्य व काता इवेंट में स्वर्ण पदक, अंडर 14 बालिका आयुवर्ग की कुमिते इवेंट (–45 किग्रा) में सारा जीना ने रजत पदक, अंडर 14 बालक आयुवर्ग की कुमिते इवेंट (–35 किग्रा) में वंश थापा ने रजत व काता इवेंट में कांस्य पदक, कैडेट बालिका वर्ग काता में सोनम कोली ने कांस्य पदक, कैडेट बालक वर्ग की कुमिते इवेंट (–63 किग्रा) में वंश बिष्ट ने स्वर्ण पदक, कैडेट बालक वर्ग की कुमिते इवेंट (–50 किग्रा) में बबलू सिंह ने कांस्य पदक, रोहित थापा ने कुमिते इवेंट (–45 किग्रा) में कांस्य पदक, जूनियर बालिका वर्ग की कुमिते इवेंट (–53 किग्रा) में लवली विश्वकर्मा ने स्वर्ण व काता इवेंट में स्वर्ण पदक, गुलशन कुमार ने कुमिते इवेंट (–50 किग्रा) में रजत पदक, क्षितिज सिंह ने कुमिते इवेंट (–76 किग्रा) में कांस्य व काता इवेंट में स्वर्ण पदक प्राप्त करते हुए उत्तराखंड राज्य के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 5 स्वर्ण, 4 रजत व 7 कांस्य पदक सहित कुल 16 पदक अर्जित किये। एवं अन्य खिलाड़ियों में मीरा नारंग, आयुष राना, रूनु शर्मा द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया। उक्त प्रतियोगिता में उत्तराखंड राज्य की रूनू शर्मा ने कुमिते जज बी की परिक्षा भी उत्तीर्ण की। सिहान किशोर ने कहा कि खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर जल्द ही जिला व राज्य कराटे संघ द्वारा सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन कर सम्मानित किया जाएगा। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर सह खेल निदेशक सुरेश चंद्र पांडेय, डीएसओ गिरीश कुमार, पूर्व प्राचार्य डी.डी जोशी, विजय गिरधर, राजेश कुमार, शंकर सिंह बसेरा, ऋषि पाल भारती, चेतन धीर, शेखर सक्सेना, सतनाम चावला, ए. जे. बटसर, श्रीमती साधना बटसर, रघु रावत, सेंसेई जॉनी हिराम, सेंसई शोभा तिग्गा, अमन सिंह, गंगा मेहरा, हिमा भट्ट, कंचन बसेरा, अजय शर्मा, शालिनी शर्मा, हिमालय सिंह बिष्ट, जगविंदर सिंह, अपूर्व सिंह, राजीव राणा, सुखदेव सिंह, वसीम खान, कमल सिंह, जय प्रकाश, अभिषेक राजपूत, नरेंद्र कुमार, आकृति कौर, बलविंदर सिंह, प्रिय विश्वास, सहित सभी खेल प्रेमी जनता ने बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी।



# अधिकारियों व कर्मचारियों को दिलाई सद्भावना की प्रतिज्ञा

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। शुक्रवार को कलेक्ट्रेट प्रांगण में सद्भावना शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने कलेक्ट्रेट प्रांगण में कलेक्ट्रेट से जुड़े अधिकारियों व कर्मचारियों को सद्भावना दिवस प्रतिज्ञा दिलायी। जिलाधिकारी ने शपथ दिलाई कि जाति, सम्प्रदाय, क्षेत्र, धर्म अथवा भाषा का भेदभाव किए बिना सभी भारतवासियों की भावनात्मक एकता और सद्भावना के लिए कार्य करेंगे। यह भी शपथ दिलाई कि हिंसा का सहारा लिए बिना सभी प्रकार के मतभेद बातचीत और संवैधानिक माध्यमों से सुलझायेंगे। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, गौरव चटवाल, डॉ0 अमृता शर्मा, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी नफील जीमल, जिला आपदा प्रबन्धन अधिकारी उमाशंकर नेगी तहसीलदार पूजा शर्मा, आदि उपस्थित थे।



# राजेश्वरी ने जीता तीज क्वीन का खिताब

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। महिला एवं सामाजिक जागरूकता कल्याण समिति की ओर से जैन मंदिर में तीज महोत्सव का रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें तीज क्वीन प्रतियोगिता रखी गई। सैकड़ों महिलाओं ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। तीज क्वीन का खिताब राजेश्वरी ने जीता। दूसरे नंबर पर श्रीमती विमला दीपक कुमार और तीसरे नंबर पर रूपा रही। कार्यक्रम का संचालन समिति की उपाध्यक्ष श्रीमती राधा सुभाष ने किया। इस कार्यक्रम में सैकड़ों महिलाओ ने अपना हुनर दिखाया। श्रीमती रेखा श्रीवास्तव ने तीज के ऊपर शिव पार्वती की कथा सुनाई। संजू तिवारी,सुशीला, रूपा,ममता,अनिता, लक्ष्मी, आईसा, गीता, संध्या,विमला ने नृत्य करके अपना हुनर दिखाया जबकि दुर्गा ,संजू ,सरोज ने अपने गाने के सुरों से सबका मन मोह लिया। शिप्रा अधिकारी ने कार्यक्रम की तारीफ करते हुऐ सभी महिलाओ को तीज की बधाइयों दी। डॉ उषा नरेंद्र जैन ने सभी महिलाओं को तीज पर्व का महत्व बताते हुए कहा को हिंदू धर्म में हरियाली तीज का पर्व इसलिए महत्व रखता है क्योंकि इसी दिन भगवान शिव नें माता पार्वती को उनकी कठोर तपस्या के बाद अपनी पत्नी के रूप में स्वीकार किया था। ऐसे में यह पर्व शिव और शक्ति के पुनर्मिलन के रूप में भी मनाया जाता है। यह माना जाता है हरियाली तीज का दिन वह दिन है, जब माँ पार्वती ने भगवान शंकर की तपस्या में 107 जन्म लिए और उनके 108 वें जन्म पर भगवान शंकर ने श्रावण मास की शुक्ल पक्ष तृतीय को माँ पार्वती को पत्नी के रूप में स्वीकार किया। यह पर्व आस्था, उमंग, सौन्दर्य और प्रेम का पर्व है। हमें भी इस त्यौहार से ये सीख मिलती है कि हम भी अपने परिवार को एक सूत्र में बांधकर रखें व पति–पत्नी के रिश्ते में आपसी सामंजस बनाकर रखें,अपने परिवार में,समाज में प्रेम का संदेश दें। साथ ही डॉक्टर उषा नरेंद्र जैन ने सभी म्हिलाओंको झूले में बैठकर बड़े ही सम्मान के साथ तिलक लगाकर,बैच पहनाकर, झूला– झूलाकर सभी सुहागिन महिलाओं को तीज की शुभकामनाएं देते हुऐ सुहाग का सामान भेंट स्वरूप दिया। कार्यक्रम में सरोज,स्वर्ण कौर ,रूपा, विमल दानू,आशा बिष्ट,सीता सुनील चौरसिया,सुमन तिवारी,अनीता देवी, निरुमति,संजू तिवारी, राजेश्वरी, पुष्पा नेगी,ममता नेगी,हेमा बर्मा,विमला देवी, नेहा,दुर्गावती,सुधा देवी,सुशीला देवी, सुशीला,नन्ही देवी,गीता देवी, पूर्णिमा पाटिल, पारुल,कविता रावत,राधा सुभाष मैम प्रियंका,रीता देवी,रेखा वास्तव, प्रतिमा,शिप्रा अधिकारी, लक्ष्मी, पूजा, गीता ,संध्या, लक्ष्मी, पूर्णिमा पाटिल, आईसा,आदि उपस्थि रहे।







# वार्ता के बाद स्वच्छता कर्मियों की हड़ताल समाप्त

गदरपुर(उद संवाददाता)। नगर पालिका में कार्यरत स्थाई और स्वच्छता समिति कर्मियों की 22 दिनों से चल रही हड़ताल वार्ता के दौरान बिना शर्त समाप्त हो गई । कर्मचारी काम पर लौट आए। शुक्रवार को नगर पालिका में कार्यरत स्थाई और स्वच्छता समिति मैं कार्यरत सफाई कर्मी कर्मी तहसील पहुंचे जहां उप जिलाधिकारी राकेश तिवारी की अध्यक्षता में अधिशासी अधिकारी आशीष नेगी और सफाई कर्मियों के बीच वार्ता आयोजित की गई वार्ता के दौरान दोनों पक्षों में हड़ताल खत्म करने को लेकर सहमति बन गई उसके बाद अस्थाई और स्वच्छता समिति में कार्यरत कर्मी नगर पालिका पहुंचे जहां पालिकाध्यक्ष गुलाम गौस, अधिशासी अधिकारी ने कर्मियों को फूल माला पहनाकर मिठाई खिलाई । इस दौरान सफाई कर्मियों ने बिना शर्त हड़ताल वापस लेने की घोषणा की हड़ताल बिना शर्त वापिस लेने पर कार्यालय के बाहर ठेका सफाई कर्मी आक्रोशित हो गए और नारेबाजी करने लगे इस पर पालिकाध्यक्ष गुलाम गौस मौके पर पहुंचे और हड़ताली कर्मियों से वार्ता की ठेका सफाई कर्मियों का नेतृत्व कर रहे मुखिया एवं भाजपा नेता अश्विनी कुमार का कहना था कि वार्ता के दौरान कोई सहमति नहीं बनी अभी आगे और वार्ता होगी पालिकाध्यक्ष गुलाम गौस ने कहा आज से नगर की सफाई व्यवस्था शुरू हो जाएगी। उन्होंने कहा जल्दी शहर को कूड़ा कचरा मुक्त कर दिया जाएगा। इस मौके पर स्थाई और स्वच्छता समिति के राहुल सागर,उमेश कुमार,नन्हे,दीपक कुमार,रमेश कुमार,प्रेम कुमार, रोहित सहित अन्य कर्मचारी मौजूद थे।



# ब्राह्मण महिला सभा का सावन महोत्सव कल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के सानिध्य में ब्राह्मण महिला सभा की इकाई द्वारा कल 20 अगस्त दिन रविवार को श्री मनकामेश्वर मंदिर श्याम टॉकीज रोड में सावन महोत्सव का बहुत हर्षोल्लास के साथ आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम, नृत्य प्रतियोगिता, गीत प्रतियोगिता, तीज क्वीन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही जिन बहन बेटी की प्रथम तीज है उनको महिला ब्राह्मण सभा द्वारा विशेष उपहार दिया जाएगा। आयोजकों ने सभी माताओं व बहिनों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की। कार्यक्रम के बाद भंडारे प्रसाद का भी वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम के अनुसार दोपहर 3.30 बजे दीप प्रज्वलन तथा भगवान परशुराम की स्तुति, तत्पश्चात गणेश वंदना व स्वागत तथा अभिनंदन समारोह होगा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के तहत 4.15 बजे से नृत्य प्रतियोगिता, गायन प्रतियोगिता, मेंहदी प्रतियोगिता एवं तीज क्वीन प्रतियोगिता आयोजित होगी। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर आयोजित हुई बैठक में सरपरस्त पंडित रविंद्र शर्मा, पंडित संजीव शर्मा, अंजू तिवारी, रसना भारद्वाज, श्वेता शर्मा, मीना शर्मा, रश्मि शर्मा, वंदना शर्मा, दीपा जोशी, अनुपमा शर्मा, रुचि शर्मा, नेहा अवस्थी, आरती गोस्वामी, वीना तिवारी, दिशा भारद्वाज, शालिनी गौड़, मिनी पाठक आदि उपस्थित थे। बैठक के दौरान कार्यक्रम को पूर्ण रूप से सफल एवं यादगार बनाने के लिए जिम्मेवारियां भी सौंपी गई।

# हरियाली तीज पर महिलाओं को लगाई निःशुल्क मेहंदी

गदरपुर(उद संवाददाता)। सनातन धर्म मंदिर बुध बाजार में शुक्रवार को पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी क्वीन ब्यूटी पार्लर की प्रोपराइटर मीनू पाल की ओर से मंदिर में आ रही श्रद्धालु महिलाओं को तीज त्यौहार पर निशुल्क मेहंदी लगाई गई।तीज त्यौहार पर मीनू पाल की ओर से मंदिर में कथा सुनने आ रही दर्जनों महिलाओं ने निशुल्क मेहंदी लगवाई वही मेंहदी लगवाने आई महिला आरती ने महिलाओं के प्रति ऐसी जागरूकता पर मीनू पाल की जमकर तारीफ भी की। महिला पूनम ने बताया कि आज की भाग दौड़ भरी जिंदगी में अपना कीमती समय निकालकर मीनू पाल ने जो मंदिर में तीज पर निशुल्क मेहंदी लगाने का शिविर लगाया है। इन्होंने अन्य महिलाओं को भी आईना दिखाया है । इस दौरान मीनू पाल ने बताया कि मां पार्वती के शिव से पुनर्मिलन की स्मृति में यह त्योहार मनाया जाता है। शास्त्रों में वर्णन है कि माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में पाने के लिए कठोर तप किया,उससे प्रसन्न होकर शिव ने श्रावण शुक्ल तीज के दिन ही मां पार्वती को अपनी पत्नी रूप में स्वीकार किया। तभी से अखंड सौभाग्य का प्रतीक यह दिन भारतीय परंपरा में पति–पत्नी के प्रेम को और मजबूत बनाने तथा आपस में श्रद्धा और विश्वास कायम रखने का पर्व बन गया। इसके अलावा यह पर्व पति–पत्नी को एक दूसरे के लिए त्याग करने का संदेश भी देता है। इस दिन कुंवारी कन्याएं व्रत रखकर अपने लिए शिव जैसे वर की कामना करती हैं वहीं विवाहित महिलाएं अपने सुहाग को भगवान शिव तथा माता पार्वती से अक्षुण बनाएं रखने की कामना करती हैं। क्वीन ब्यूटी पार्लर की प्रॉपरलाइजर मीनू पाल ने बताया कि अपने हाथों में मेहंदी रचाकर माता पार्वती ने भोलेनाथ को मनाने के लिए कड़ी तपस्या की जब भगवान शिव ने माता पार्वती के हथेली पर मेहंदी का लाल रंग देख तो वह बहुत प्रसन्न हुए उन्होंने माता के हाथों में रची मेहंदी बहुत प्रिय थी भोलेनाथ ने माता से विवाह करना स्वीकार कर लिया और पार्वती जी की मनोकामना भी पूरी हो गई।







# ऊधम सिंह नगर डिस्ट्रिक्ट को ऑपरेटिव बैंक की वार्षिक सामान्य बैठक संपन्न

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ऊधम सिंह नगर डिस्ट्रिक्ट को-ऑपरेटिव बैंक लि. रूद्रपुर की 14वीं वार्षिक सामान्य बैठक होटल रुद्रा कांटीनेंटल रूद्रपुर के सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिले की विभिन्न सहकारी समितियों के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया स कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि दान सिंह रावत अध्यक्ष उत्तराखण्ड राज्य सहकारी बैंक ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया।बैंक अध्यक्ष योगेन्द्र सिंह रावत के अध्यक्षीय संबोधन के साथ बैठक की कार्यवाही प्रारंभ हुईस बैंक सचिव महाप्रबंधक एस.एस. नपलच्याल ने बैंक के वित्तीय वर्ष की प्रगति एवं आय व्यय के आँकड़े प्रस्तुत किए। बैंक को वित्त वर्ष 2022-23 में 774.52 लाख रुपये का शुद्ध लाभ हुआ है। वित्त वर्ष की समाप्ति पर बैंक का निक्षेप 116994.30 लाख रुपये, अवशेष ऋण 86327.90 लाख रुपये, रक्षित कोष 22275.64 लाख रुपये, बैंक की अंश पूँजी 2906.45 लाख रुपए, एनपीए 6597.49 लाख रुपये एवं सी डी रेशियो 73.79 रहा।बैठक को पूर्व बैंक अध्यक्ष सुभाष बेहड़, जिला सहायक निबंधक बलवंत सिंह मनराल ने भी संबोधित किया।विशिष्ट अतिथि दान सिंह रावत ने जिले की विभिन्न सहकारी समितियों के प्रतिनिधिगण द्वारा रखी गई समस्याओं का समाधान किया। साथ ही बैंक ऋण वसूली पर विशेष ध्यान देने का आह्वान किया।उन्होंने बैंक द्वारा अपने नये कर्मचारियों को पीएफ काटने वार्षिक वेतन वृद्धि संबंधी मामलों को शीघ्रता से हल करते हुए उनकी समस्याओं का समाधान करने पर जोर दिया। नानकमत्ता समिति के किसानों के खातों को बैंक की नानकमत्ता शाखा में स्थानान्तरित करने की घोषणा पार शीघ्र अमल किए जाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर वसूली में उच्च स्थान पर रहने वाली समितियों झनकट, बरा, उत्तरी खटीमा, उत्तरी सितारगंज, शान्तिपुरी और जसपुर के प्रतिनिधियों और अध्यक्ष एवं कर्मचारियों को सम्मान पत्र प्रदान किए गये। बैंक के विकास में अग्रणी रही तीन शाखाओं जसपुर, काशीपुर एवं काशीपुर साँय कालीन के प्रबंधकों एवम् कर्मचारियों को सम्मान पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर बैंक के समस्त संचालकगण, दुग्ध संघ के प्रशासक तिलकराज गंभीर, पी सी यू देहरादून के अध्यक्ष राम कृष्ण महरोत्रा, उत्तराखण्ड अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष मुकेश कुमार, बैंक के डीजीएम चरण सिंह, शुभम् रावत, कविता गोदियाल एवं बैंक के अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ प्रबंधक हरि सिंह यादव ने किया। बैंक अध्यक्ष योगेन्द्र सिंह रावत ने प्रतिनिधियों की माँग पर 8% लाभांश की घोषणा करते हुए कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा की और बैठक में उपस्थित समस्त समितियों के प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया।





# विश्व का यंगेस्ट शतरंज खिलाड़ी बनने पर तेजस को किया सम्मानित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। दीक्षांत इंटरनेशनल स्कूल के यूकेजी के छात्र तेजस तिवारी को विश्व का यंगेस्ट फिडे रेटेड शतरंज खिलाड़ी बनने पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में सम्मानित किया। मुख्यमंत्री धामी ने तेजस की प्रतिभा को सराहते हुए कहा कि तेजस ने विश्व मे उत्तराखंड को गौरवान्वित किया है। विद्यालय के प्रबन्धक समित टिक्कू ने कहा कि तेजस ने अपनी प्रतिभा से विद्यालय को गौरवान्वित किया है साथ ही राज्य का नाम भी रोशन किया है। नन्हे



प्रतिभावान खिलाड़ी शतरंज प्रतियोगिताओं में अपने हुनर का जलवा बिखेर चुके तेजस का लक्ष्य एक दिन ग्रैंडमास्टर और विश्व चौंपियन बनना है। तेजस दुनिया के सबसे कम उम्र के फिडे रेटेड शतरंज खिलाड़ी बन गए हैं। अंतर्राष्ट्रीय शतरंज महासंघ ने उन्हें सबसे कम उम्र का खिलाड़ी घोषित किया है। एफआईईडी की सूची में तेजस को 1149 वीं रेटिंग मिली है जो की एक अविश्वसनीय जीत है। स्कूल की प्रधानाचार्य प्रभलीन सलूजा वर्मा, श्वेता पांडे, अंजना सतवाल, किशन तिवारी, नीरज साह, निदेशक समित टिक्कू, एकेडमिक डायरेक्टर स्मृति टिक्कू ने पिता शरद तिवारी और मां इंदु तिवारी को बधाई दी है।

# कुसुमखेड़ा में पेयजल कार्यों का शिलान्यास

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नगर निगम के वार्ड 41कुसुमखेड़ा पेयजल योजना में फुटहिल सिटी कॉलोनी में नलकूप निर्माण, ऊर्ध्व जलाशय निर्माण एवं पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ीकरण का



कार्य स्वीकृत लागत रू. 246.51 लाख का शिलान्यास महापौर डॉ. जोगेन्द्र पाल सिंह रौतेला और कालाढूँगी विधायक प्रतिनिधि एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विकास भगत द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।इस कार्य मे हल्द्वानी जल संस्थान ट्यूबवेल, 450 किलो लीटर क्षमता का ओवरहेड टैंक बनाएगा और 1 किलोमीटर पेयजल लाइन बिछाई जाएंगी।शिलान्यास कार्यक्रम मे मेयर डॉ. जोगेंद्र रौतेला ने कहा कि यह नलकूप और ओवर हेड टैंक विधायक बंशीधर भगत के प्रयासों से स्वीकृत हुआ है।इस ट्यूबवेल के बन जाने से पेयजल की किल्लत दूर होगी और यहाँ आसपास रहने वाले लगभग 2000 परिवारों को सीधा लाभ मिलेगा।उन्होंने कहा कि नगर निगम यहाँ के वार्डो मे सड़को का निर्माण कर रहा है और लोगो की सुविधा के लिये स्ट्रीट लाइट भी क्षेत्रों को प्रदान की जा रही है।इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश की सरकार जनहित मे लगातार कार्य कर रही है। प्रदेश सरकार नगर निगमो को आत्म निर्भर बनाने का कार्य का रही है। जिसमें घर-घर से कूड़ा ले कर निस्तारण का कार्य, पेजजल के कार्यक्रम और जन सुविधाएं बढ़ाने के कार्यक्रम शामिल है। इस अवसर पर स्थानीय पार्षद चन्द्र प्रकाश, मनोनीत पार्षद गोविन्द सिंह बड़ती,विद्या महतोलिया, अधिशासी अभियंता इ. आरएस लोशाली, अधीक्षण अभियंता इं विशाल कुमार, त्रिलोक शाही, परमजीत सिंह पम्मा, कैलाश पर्वत पांडे, नैन सिंह खनायक, आनंद दुर्गापाल, मोहन पांडे, शेर सिंह गढ़िया, कैलाश भट्ट, धर्मेंद्र शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# 'प्रतिज्ञा उज्जवल भारत की' कार्यक्रम से महिलाओं में उत्साह: मीना

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में अखिल भारतीय महिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में आयोजित दो दिवसीय 'प्रतिज्ञा उज्जवल भारत की' में प्रतिभाग करने के पश्चात रुद्रपुर लौटने के बाद कहा कि पूरे कार्यक्रम में उत्तराखंड महिला कांग्रेस की धूम रही, उन्होंने कहा कि जिस तरह से उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष ज्योति रौतेला के नेतृत्व में सैकड़ों महिला कांग्रेस कार्यकर्ता दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम पहुंची, उससे दिल्ली में उत्तराखंड की अलग पहचान बनी ,श्रीमती शर्मा ने कहा कि 17 और 18 अगस्त को उत्तराखंड महिला कांग्रेस की कार्यकर्ताओं ने अलग-अलग रंग की साड़ी पहनी और उत्तराखंड की पहचान पिछोड़ा भी पहना,जो सभी के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा। श्रीमती शर्मा ने कहा कि 17 अगस्त को पीली साड़ी और 18 अगस्त को हरी साड़ी के रूप में उत्तराखंड महिला कांग्रेस का ड्रेस कोड था, जिसे सभी महिलाओं ने फॉलो भी किया,श्रीमती शर्मा ने कहा कि दिल्ली में आयोजित इस कार्यक्रम से महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह और ऊर्जा का संचार हुआ है। इधर दिल्ली में आयोजित 'प्रतिज्ञा उज्जवल भारत की' कार्यक्रम में रुद्रपुर से श्रीमती शर्मा सहित उत्तराखंड महिला कांग्रेस कमेटी की प्रदेश सचिव सुनीता कश्यप किच्छा, सपना गिल और महानगर महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष मोनिका ढाली सहित अन्य महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भी कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।



# आन्तरिक सड़कों पर भी वाहनों की स्पीड लिमिट निर्धारित करें: डीएम

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी उदयराज सिंह की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में शहर एवं कस्बों की आन्तरिक सड़कों पर भी वाहनों की स्पीड लिमिट निर्धारित की जाये। डीएम ने स्पीड निधारिण हेतु शहर की आन्तिरक सड़कों की लम्बाई व चौड़ाई की सम्पूर्ण जानकारी परिवहन विभाग को उपलब्ध कराने के निर्देश सभी नगर आयुक्त तथा अधिशासी अधिकारियों को दिये। डीएम ने जनपद में घटित हो रही वाहन दुर्घटनाओं पर चिन्ता व्यक्त करते हुए कहा कि लापरवाही से वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्ती से कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जाये और उनके लाइसेन्स निरस्तीकरण व निलम्बन की भी कार्यवाही की जाये। उन्होंने ट्रैक्टर-ट्रालियों सहित विभिन्न वाहनों में रिफ्लेक्टर लगवाने हेतु सख्ती से कार्यवाही करने के निर्देश पुलिस तथा परिवहन विभाग के अधिकारियों को दिये। डीएम ने पीछे लगे रिफ्लेक्टर वाले उच्च गुणवत्ता के हैलमेंट तथा यातायात के नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने के निर्देश परिवहन विभाग के अधिकारियों को दिये। डीएम ने दो पहिया वाहनों से कम्पनी में काम करने जाने वाले व्यक्तियों को रिफ्लेक्टर जैकेट के प्रति जागरूक करने के भी निर्देश परिवहन विभाग के अधिकारियों को दिये। जिलाधिकारी ने रूद्रपुर में ऑटोमेटेड ड्राईविंग टेस्ट ट्रैक निर्माण हेतु शासन में पुनः पत्राचार करने के निर्देश परिवहन विभाग के अधिकारियों को दिये। डीएम ने काशीपुर में ऑटोमेटेड ड्राईविंग टेस्ट ट्रैक निर्माण कार्य शीघ्रता से पूरा कराने के भी निर्देश दिये। उन्होंने रूद्रपुर में चिल्ड्रन ट्रैफिक पार्क निर्माण हेतु भूमि चिन्हित करने की कार्यवाही करने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। इसके साथ ही डीएम ने सुरक्षात्मक दृष्टि से महत्वपूर्ण विभिन्न बिन्दुओं पर भी विस्तार से समीक्षा करते हुए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को दिये। बैठक में एसपी सिटी चन्द्रशेखर घोड़के, सीओ आर मण्डपाल, एआरटीओ बीके सिंह, एके झा, जीतेन्द्र चन्द, अपर मुख्य अधिकारी तेज सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।



# होम्योपैथी शिविर में निःशुल्क बांटी डेंगू और आईफ्लू की दवा

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। डेंगू और आई फ्लू के लगातार बढ़ते प्रकोप को देखते हुए निदेशक होम्योपैथिक उत्तराखंड डा० जे. एल. फिरमाल एवं जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी चंपावत डा० अशोक सिंह नगरकोटी के आदेशानुसार लोहाघाट हनुमान गली के पास डेंगू/आई फ्लू संक्रमण से बचाव एवं रोकथाम हेतु होम्योपैथिक चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे डेंगू से बचाव हेतु



यूप्टोरियम परफोलिटम- 30,आई फ्लू के लिए बेलाडोना-30 , मार्ससोल-30, यूफासिया 30 आदि औषधि का निःशुल्क वितरण किया गया । शिविर का 150 से अधिक लोगों ने लाभ उठाया। शिविर में डा०उर्मिला बिष्ट, प्रभारी होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी, उपेंद्र नाथ गुप्ता, फार्मासिस्ट व भुवन उपाध्याय राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय, लोहाघाटआदि ने प्रतिभाग किया ।

# सब में ईश्वर का अनुभव करने से लाभ ही लाभ

गदरपुर (उद संवाददाता)।श्री सनातन धर्म मंदिर बुध बाजार गदरपुर में सावन मास के उपलक्ष में चल रही कथा के 18वें दिवस की कथा करते हुए कथा वाचक पंडित विजय कुमार शास्त्री जी ने कहा कि सुव्यवहार ही भक्ति है, जिसके व्यवहार में दंभ है अभिमान है उसका व्यवहार अशुद्ध है। सब में ईश्वर का अनुभव करने से लाभ ही लाभ है, ईश्वर कोई ऐसी वस्तु तो है नहीं जो एक ही स्थान पर रह सके यह तो सर्वव्यापी और सर्वत्र है।प्रसाद की सेवा सरस्वती विहार कॉलोनी निवासी धर्म की 3 बहनों श्रीमती सरोज बजाज, श्रीमती सोनू छाबड़ा एवं श्रीमती सीमा डूमरा द्वारा सामूहिक रूप से दी। इस दौरान भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।



# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## हस्तशिल्प का कारोबार

असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले हुनरमंद लोगों को प्रोत्साहन की जरूरत लंबे समय से रेखांकित की जाती रही है। ऐसे लोग जो पारंपरिक पेशों से जुड़े हैं, हाथ का काम करते और भारतीय शिल्प को संरक्षित रखने में योगदान देते हैं, उनकी उपेक्षा और बदहाली को लेकर अक्सर लिखा-कहा जाता है। अब केंद्र ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत ऐसे लोगों को वित्तीय मदद पहुंचाने, पहचान प्रतिष्ठित करने और उनके हुनर को बाजार में जगह दिलाने की पहल की है।इस योजना के तहत पांच फीसद ब्याज पर एक लाख और फिर अगले चरण में अधिक धन उपलब्ध कराने की व्यवस्था है। इस योजना के तहत अगले पांच वर्षों में तीस लाख पारंपरिक कामगार परिवारों को लाभ मिलने का दावा है। इसमें तेरह हजार करोड़ रुपए का खर्च आएगा। निस्संदेह इस योजना से ऐसे लोगों को प्रोत्साहन मिलेगा, जो मिट्टी के बरतन बनाने, चटाई बुनने, लुहारगीरी, सुनारगीरी आदि हस्तशिल्प के पारंपरिक पेशों से जुड़े हैं।ऐसे लोग प्राय: पैसे की कमी के चलते अपने पेशे को बड़ा व्यावसायिक मंच नहीं बना पाते। अपने उत्पाद को बड़े बाजार तक नहीं पहुंचा पाते। इस लिहाज से यह योजना काफी मददगार साबित हो सकती है, बशर्ते इसे संजीदगी से लागू किया जाए।हालांकि यह पहली बार नहीं है, जब ऐसे पारंपरिक हस्तकौशल से जुड़े कामगारों को प्रोत्साहित करने के लिए कोई योजना चलाई जा रही है। पहले भी अलग-अलग प्रांतों के हस्तशिल्प को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार में जगह दिलाने के मकसद से योजनाएं चलाई जाती रही हैं। अनेक स्वयंसेवी संगठन और सरकारी केंद्र इस दिशा में लगातार प्रयासरत देखे जाते हैं।जगह-जगह विशेष हाट, बाजार और विक्रय केंद्र बना कर हस्तशिल्प को मंच देने की कोशिश की जाती रही है। मगर प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना उन सबसे इस मायने में अलग कही जा सकती है कि इसमें हस्तशिल्पियों को सीधे वित्तीय मदद उपलब्ध हो सकेगी। इससे उन्हें अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने, उन्नत बनाने की दिशा में नए ढंग से सोचने, आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल करने का अवसर मिलेगा। बहुत सारे ऐसे कामगार गुरु-शिष्य परंपरा के तहत दूर-दराज के इलाकों में हस्तशिल्प सीखते हैं। उन्होंने किसी प्रकार की व्यवस्थित शिक्षा नहीं ली है। स्थानीय जरूरतों को ध्यान में रखते हुए वे छोटी-मोटी चीजें बनाते और उन्हें बेच कर किसी तरह अपना गुजारा चलाते हैं। विश्वकर्मा योजना से उनका आत्मविश्वास बढ़ सकता है कि वे भी सुशिक्षित उद्यमियों की तरह अपने कौशल को व्यावसायिक रूप दे सकते हैं।केंद्र सरकार का जोर कौशल विकास पर है। दुनिया भर में माना जा रहा है कि वही अर्थव्यवस्थाएं मजबूत होंगी, जिनमें कौशल विकास पर जोर दिया जाता है। इस दृष्टि से भी यह योजना स्थानीय स्तर पर कौशल विकास की दिशा में एक बेहतर कदम कही जा सकती है। मगर जिस तरह दुनिया भर में अर्थव्यवस्थाएं भारी मशीनों और थोक उत्पादन पर निर्भर होती गई हैं, उसमें स्थानीय कौशल को बड़े बाजार में कहां तक जगह मिल पाएगी, कहना मुश्किल है।हस्तशिल्प को प्रोत्साहन देने वाले पहले के प्रयासों का अनुभव यही है कि आज भी बहुत सारे लोग अपने पारंपरिक पेशे छोड़ कर किसी दूसरे रोजगार, मजदूरी या नौकरी की तलाश में देखे जाते हैं। हालांकि विश्वकर्मा योजना में ऐसे लोगों को बाजार उपलब्ध कराने की बात भी कही गई है, मगर जब तक इस पर गंभीरता से ध्यान नहीं दिया जाएगा, तब तक इसके अपने लक्ष्य तक पहुंचने का दावा नहीं किया सकता।

# डीएम ने की रामनगर विधानसभा क्षेत्र में किये जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। कैम्प कार्यालय हल्द्वानी में जिलाधिकारी वंदना ने रामनगर विधानसभा क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों, रामनगर विधानसभा हेतु माननीय मुख्यमंत्री घोषणाओं, माननीय विधायक रामनगर श्री दीवान सिंह बिष्ट द्वारा चिन्हित विकास प्राथमिकताओं की समीक्षा बैठक की। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए की कि अधिकारी क्षेत्र का भ्रमण नियमित करते हुए विकास कार्यों की अद्यतन स्थिति तथा क्षेत्र भ्रमण की सूचना जनप्रतिनिधियों को भी देना सुनिश्चित करें। उन्होंने जनता एवं जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने हेतु विभागों को निर्देशित किया ताकि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जनता को समय से मिल सके। जिलाधिकारी ने सिंचाई खण्ड काशीपुर के अधीन शिवनाथपुर सिंचाई नहर की सफाई हेतु सिंचाई रामनगर को सिंचाई खण्ड काशीपुर से समन्वय करते हुए एक सप्ताह के भीतर नहर की सफाई करने के निर्देश दिए। नहर की सफाई होने से पानी की समुचित निकासी ही सकेगी तथा पीडब्ल्यूडी द्वारा निर्मित पुल को मलबे के कारण उत्पन्न खतरे को भी दूर किया जा सकेगा। रामनगर महाविद्यालय के खेल मैदान को मिनी स्टेडियम के रूप में विकसित किये जाने की प्रगति के सम्बन्ध में डीओ पीआरडी प्रतीक



जोशी ने बताया कि निदेशालय स्तर से इस सम्बंध में 03 अगस्त को निरीक्षण कर एनओसी दे दी गई है। जिलाधिकारी ने डीओ पीआरडी को 15 दिन के भीतर कार्यदायी संस्था का चिन्हीकरण कराते हुए डीपीआर तैयार करने के निर्देश दिए। खेलो इंडिया के तहत कानिया मिनी स्टेडियम के विस्तार का कार्य आरईएस द्वारा पूर्ण कर लिया गया है जिस सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने पीआरडी व आरईएस विभाग को 10 दिन के भीतर थर्ड पार्टी से निरीक्षण कराके हैंडओवर की कार्यवाही पूर्ण करने को कहा। बैठक में ईई सिंचाई रामनगर ने बताया कि 15 दिन के भीतर गर्जिया मंदिर के अस्थायी सुरक्षात्मक कार्य पूर्ण कर लिए जाएंगे। स्थाई कार्यों की डीपीआर शासन को पूर्व में भेजी जा चुकी है। धनराशि मिलने पर कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा । बैठक में ईई जल संस्थान ने बताया कि ग्राम पंचायत ढिकुली में प्रस्तावित हैंडपंप के स्थान को परिवर्तित करके लदुवाचौड़ में जगह चिन्हित कर ली गई है। जिलाधिकारी ने 15 दिन के भीतर कार्य शुरू कर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी द्वारा विगत माह रामनगर क्षेत्र का निरीक्षण किया गया था जिस दौरान मालधन क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा क्षेत्र की पेयजल समस्या से अवगत कराया गया था। जिलाधिकारी के निर्देशों में जल संस्थान द्वारा वैकल्पिक व्यवस्था के तहत पेयजल आपूर्ति सुचारू कर दी गई है। ग्राम में लोगों को सुचार पेयजल आपूर्ति हो रही है या नहीं इस सम्बंध में उपजिलाधिकारी रामनगर को क्षेत्र भ्रमण कर अद्यतन स्थिति से अवगत कराने के निर्देश दिए। रामनगर क्षेत्र की विद्युत लाइन भूमिगत करने के सम्बन्ध में ईई विद्युत ने बताया कि 27 करोड़ 76 लाख की डीपीआर तैयार कर पीएम गति शक्ति पोर्टल में अपलोड कर दिया गया है। बैठक में विधायक रामनगर दीवान सिंह बिष्ट, प्रभागीय वनाधिकारी प्रकाश चन्द्र, अपरजिलाधिकारी फिंचा राम, सीएमओ डॉ भागीरथी जोशी, उपजिलाधिकारी राहुल शाह, प्रोफेसर एम सी पांडेय, डिप्टी डॉयरेक्टर कॉर्बेट दिगन्त नायक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# समस्त ग्राम पंचायतों एवं वार्डों में कैंप लगाकर आधार कार्डों को किया जायेगा अपडेट

नैनीताल(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में जनपद में संचालित आधार पंजीकरण केन्द्रों एवं जनपद में संचालित समस्त ग्राम पंचायतों एवं वार्डों में जन सेवा केन्द्रों के माध्यम से कैंप लगाकर 10 वर्ष पुराने आधार कार्डों को अपडेट किया जायेगा। उन्होंने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित की जा रही लाभकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए आधार कार्ड अनिवार्य है। उन्होंने जनपद की आम जनमानस से अपील की है कि जिन लोगों के आधार कार्ड को 10 वर्ष हो गए है वे अपना आधार कार्ड को अपने निकटतम जन सेवा केंद्र में जाकर अथवा पास के आधार पंजीकरण केंद्र में अपडेट करवा सकते है।जनपद में कुल 96 आधार सेन्टर तहसीलों, ब्लाक कार्यालय, बैंक, पोस्ट ऑफिस पर उपलब्ध है एवं लगभग 720 जन सेवा केंद्र ग्राम पंचायतों एवं वार्डो में संचालित है। आधार कार्ड केंद्र एवं निकतम जन सेवा केंद्र की सूचना nainital-gov-in के डिस्ट्रिक्ट पोर्टल पर जाकर देख सकते हैं। इसके अतिरिक्त आवेदक घर से बैठ कर भी http-myaadhaar-uidai-gov-in पोर्टल पर जाकर अपना आधार कार्ड अपडेट कर सकता है जिसके लिए उसको 25 रुपया ऑनलाइन फीस देनी होगी एवं आधार पंजीकरण केंद्र अथवा जन सेवा केन्द्रों में आधार अपडेट करवाने हेतु फीस रु 50 नपकंप भारत सरकार द्वारा निर्धारित की गयी है। आधार कार्ड के द्वारा भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार द्वारा दी जाने वाली लाभकारी योजना जैसे प्रधानमन्त्री फसल बीमा योजना, मनेरेगा उज्जवला योजना में गैस कनेक्शन, बैंक खाते खुलवाना हो, आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनवाना हो सभी जगह आधार कार्ड की आवश्यकता पड़ती है सरकार ने आधार कार्ड से जुड़े नियमों में बड़ा बदलाव किया है। जानकारी के मुताबिक, अब आधार कार्ड में लगाए गए दस्तावेजों को 10 साल बाद अपडेट कराना होगा। इसका मतलब है कि आधार संख्या जनरेट कराते वक्त या आधार कार्ड बनवाते वक्त जिन दस्तावेजों का इस्तेमाल किया गया था, 10 साल पूर्ण होने के उपरान्त कम-से-कम एक बार संबंधित दस्तावेजों को अपडेट कराना जरूरी होगा।

# मॉ पूर्णागिरि धाम आने वाले दर्शनार्थी को मिलेंगी बेहतर सुविधाए : नवनीत पांडे

चम्पावत(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी नवनीत पाण्डे ने शुक्रवार प्रात: प्रसिद्ध मॉ पूर्णागिरि धाम पंहुचकर मां पूर्णागिरि के दर्शन किए तथा पूजा अर्चना कर जनपद वासियों की सुख, समृद्धि की कार्मना मॉ पूर्णागिरि से की और मंदिर परिसर की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। मंदिर दर्शन के बाद जिलाधिकारी ने मंदिर समिति के कार्यालय में मंदिर समिति के सदस्यों के साथ बैठक कर क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की और व्यवस्थाओं को जाना। मंदिर समिति के अध्यक्ष किशन तिवारी द्वारा जिलाधिकारी का स्वागत करते हुए उन्हें क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। बैठक में अध्यक्ष मंदिर समिति ने बताया कि यहां वर्ष भर लाखों की संख्या में दर्शनार्थी मॉ पूर्णागिरि के दर्शन के लिए आते है इसलिए दर्शनार्थी को बेहतर सुविधाए मिलें इस हेतु उन्होंने जिलाधिकारी से सभी आवश्यक व्यवस्थाए पूर्ण कराने का अनुरोध किया। उन्होंने पूर्णागिरि मंदिर के मार्ग सुधारीकरण की मांग भी की जिस पर जिलाधिकारी ने मंदिर समिति से सुधारीकरण हेतु प्रस्ताव उपलब्ध कराने को कहा और कहा कि मंदिर के सुधारीकरण हेतु टेक्निकल एक्सपार्टो से सर्वे कराकर आवश्यक कार्य किया जाएगा। अध्यक्ष मंदिर समिति द्वारा जिलाधिकारी को अवगत कराया कि क्षेत्र में पेयजल की समस्या हो रही है और क्षेत्र के लिए मा.



मुख्यमंत्री पंपिंग योजना की घोषणा भी की गयी है यदि पंपिंग योजना का कार्य शीघ्र प्रारम्भ हो जाय तो समस्या का समाधान हो जायेगा, साथ ही मेला क्षेत्र में जल निकासी की भी समस्या रखी, जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को समस्या के समाधान हेतु कार्यवाही कर लोगों की समस्याओं का शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिये। मंदिर समिति ने मेला क्षेत्र में वाहनों की पार्किंग में हो रही मुख्य समस्या का भी समाधान करने का अनुरोध जिलाधिकारी से किया। बैठक के उपरांत जिलाधिकारी ने पूर्णागिरि कटौजिया जमरानी क्षेत्र का निरिक्षण किया और बताया कि कटौजिया जमरानी क्षेत्र में आयी दरार, भू-धसाव के सामाधान हेतु भू वैज्ञानिको से सर्वे कराया जा रहा है और उनकी रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी। साथ ही लोनिवि को कटौजिया में स्थित नाले में सुरक्षा कार्य करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान भैरव मंदिर में टीआरसी क्षेत्र में हो रहे भू धसाव की भी समस्या से स्थानीय लोगों द्वारा जिलाधिकारी को अवगत कराया। जिलाधिकारी ने भैरव मंदिर में वर्तमान में चिकित्सा विभाग के भवन में संचालित पुलिस चौकी, ठुलीगाड़, बाटनागाड़ आदि क्षेत्रों का भी निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस मौके पर उप जिलाधिकारी टनकपुर आकाश जोशी, तहसीलदार पिंकी आर्या,उपाध्यक्ष पूर्णागिरि मंदिर समिति नीरज पाण्डेय, सचिव सुरेश तिवारी, कोषाध्यक्ष नवीन तिवारी,सहायक अभियन्ता लोनिवि एल एस सामंत,अवर अभियंता तनुजा देव, चौकी प्रभारी सुरेश कंबोज, मंदिर समिति के मनोज पाण्डेय, जगदीश तिवारी, खीमानंद पाण्डेय, प्रकाश पाण्डेय,समेत अन्य विभागीय अधिकारी, कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

# केन्द्र पोषित योजनाओं के लिए शासन स्तर पर मॉनिटरिंग सेल बनाया जाए

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को सचिवालय में केन्द्र पोषित योजनाओं एवं बाह्य सहायतित परियोजनाओं की समीक्षा बैठक की। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में संचालित केन्द्र पोषित योजनाओं के तहत केन्द्र सरकार से प्राप्त धनराशि का विकास कार्यों में शत प्रतिशत खर्च किया जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि केन्द्र पोषित योजनाओं के तहत निगरानी के लिए शासन स्तर पर एक मॉनिटरिंग सेल बनाया जाए व विभाग द्वारा केन्द्र सरकार को प्रस्ताव भेजे जाने तथा प्रस्ताव पर स्वीकृति के बाद विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की नियमित



मॉनिटरिंग की जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि केन्द्रपोषित योजनाओं के तहत योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए किसी भी विभाग को कोई समस्या आ रही है, तो मुख्यमंत्री कार्यालय को समस्या से शीघ्र अवगत कराया जाए। समस्या के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर समाधान निकाला जायेगा। मुख्यमंत्री ने यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि विभिन्न विकास योजनाओं के तहत केन्द्र सरकार से धनराशि स्वीकृत होने के बाद फाइल अनावश्क रूप से शासन में लंबित न रहे। विभागीय सचिव अपने स्तर से स्वीकृत धनराशि जारी करें। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि अवस्थापना विकास से सबंधित कार्यों में तेजी लायी जाए। कार्यदाई संस्थाओं के चयन के लिए विभागीय मंत्री के अनुमोदन के बाद चयन प्रक्रिया अविलम्ब प्रारम्भ करायी जाए, ताकि योजनाओं के क्रियान्वयन में विलंब न हो। बैठक में अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, प्रमुख सचिव श्री आर. के सुधांशु, श्री एल. फैनई एवं संबंधित विभागों के सचिव, अपर सचिव व अधिकारी उपस्थित थे।

# सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी करने के बाद मांगनी पड़ी माफी

किच्छा(उद संवाददाता)। स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर उत्तरांचल मुस्लिम यूथ मोर्चा के दानिश इकबाल के नेतृत्व में किच्छा में तिरंगा यात्रा निकाली गई थी तथा तिरंगा यात्रा की फोटो सोशल मीडिया में पोस्ट की गई थी।इस पोस्ट पर कुछ लोगों के द्वारा अमर्यादित टिप्पणी करने का मामला प्रकाश मै आया है। दानिश इकबाल ने बताया कि उनकी पोस्ट में कुछ लोगों द्वारा अभद्र और अशोभनीय टिप्पणी की गई थी ।पुलिस द्वारा दानिश इकबाल की शिकयत पर टिप्पणी करने वाले को थाने लाया गया माफी नामे के और चालान के बाद छोड़ दिया गया और टिप्पणी को हटा दिया गया। किंतु दानिश इकबाल पुलिस की करवाही से संतुष्ट नजर नहीं आए।

# मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी तीन दिवसीय प्रवास पर दिल्ली पहुंचे

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी तीन दिवसीय प्रवास पर शुक्रवार को दिल्ली पहुंच गए। वह केंद्रीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह समेत अन्य मंत्रियों और भाजपा के शीर्ष नेताओं से मुलाकात कर सकते हैं। राज्य में होने वाले वैश्विक निवेशक सम्मेलन के संबंध में उनका उद्यमियों के साथ बैठक का कार्यक्रम भी है।समान नागरिक संहिता का ड्राफ्ट तैयार करने के लिए गठित समिति के सदस्य भी मुख्यमंत्री से मिल सकते हैं, क्योंकि ड्राफ्ट निर्माण की प्रक्रिया अब अंतिम चरण में है। मुख्यमंत्री धामी शुक्रवार को दोपहर बाद दिल्ली के लिए रवाना हुए और सीधे उत्तराखंड सदन पहुंचे। मुख्यमंत्री का इस माह दिल्ली का यह दूसरा दौरा है। अगस्त माह की शुरुआत में उन्होंने दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की थी। समझा जा रहा है कि मंत्रिमंडल में रिक्त चल रहे चार मंत्री पदों को भरने के साथ ही विभिन्न निगमों, प्राधिकरणों व आयोगों में मंत्री पद के समकक्ष दिए जाने वाले दायित्वों के वितरण के संबंध में वह पार्टी के केंद्रीय नेताओं के साथ विमर्श कर सकते हैं।केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात के दौरान वह वर्षा के कारण राज्य में उत्पन्न आपदा की स्थिति और अब तक हुई क्षति के बारे में जानकारी देने के साथ ही राज्य को मदद का आग्रह कर सकते हैं। यही नहीं, राज्य में दिसंबर में वैश्विक निवेशक सम्मेलन है, जिसके लिए सरकार तैयारियां प्रारंभ कर चुकी है। सम्मेलन का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों होने की संभावना है। इस परिदृश्य के बीच दिल्ली प्रवास में मुख्यमंत्री राज्य में निवेश के दृष्टिगत उद्यमियों से वार्ता कर सकते हैं।

# रूद्रपुर के कैंसर पीड़ित मरीज का मैक्स हॉस्पिटल में हुआ सफल ईलाज




रुद्रपुर(उद संवाददाता)। मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल पटपड़गंज नई दिल्ली की मल्टी डिसीप्लिनरी टीम ने कैंसर से पीड़ित 50 वर्षीय मरीज का सफलतापूर्वक इलाज किया। मरीज गुरदेव सिंह स्टेज 4 के ओरल कैंसर से पीड़ित थे। मैक्स हॉस्पिटल पटपड़गंज में सर्जिकल ऑन्कोलॉजी, हेड एंड नेक कैंसर के डायरेक्टर डॉक्टर सौरभ अरोड़ा की देखभाल में मरीज का इलाज किया गया, जिसमें सर्जरी, कीमोथेरेपी और रेडियोथेरेपी की गई। इससे बेहतर रिजल्ट आए और मरीज की जिंदगी में बदलाव आए। जब मरीज गुरदेव सिंह जब मैक्स हॉस्पिटल पटपड़गंज आए तब उनकी बाईं तरफ बकल मुकोसा में अल्सर था जो चार महीनों से ठीक नहीं हो पा रहा था। मरीज की बायोप्सी में कार्सिनोमा होने का पता चला। हालात को देखते हुए केस को ट्यूमर बोर्ड में डिस्कस किया गया, और एक व्यापक ट्रीटमेंट प्लान शुरू किया गया। मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल पटपड़गंज में सर्जिकल ऑन्कोलॉजी, हेड एंड नेक कैंसर के डायरेक्टर डॉक्टर सौरभ अरोड़ा ने कहा, गहन जांच- पड़ताल के बाद सर्जरी करने का फैसला किया गया। बाईं तरफ की निचली जबड़े की हड्डी जो कैंसर से प्रभावित थी, उसका ट्यूमर बहुत ही एहतियात से निकाला गया। इसके साथ ही, बाईं ओर गर्दन नोड्स को भी हटा दिया गया। मरीज की सही रिकवरी और फंक्शनैलिटी को ध्यान में रखते हुए बोनी फ्लैप तकनीक का इस्तेमाल किया गया जिसमें निचले जबड़े की हड्डी के पुनर्निर्माण के लिए मरीज के पैर से निकाली गई हड्डी का उपयोग किया गया। गुरदेव सिंह की रिकवरी काफी अच्छी तरह हुई और 7-10 दिन के अंदर उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया और वो सामान्य तरीके से मुंह से खाने लगे। हेड एंड नेक ऑन्कोलॉजी के सर्जन, मैक्सिलोफेशियल सर्जन, प्लास्टिक एंड रिकंस्ट्रक्टिव सर्जन, मेडिकल एंड रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट की टीम ने इस पूरे में अहम रोल निभाया। डॉक्टर सौरभ ने आगे कहा, श्शमुंह के घावों के बारे में जल्दी पता लग जाने से इलाज के नतीजे पूरी तरह बदल जाते हैं। हाई रिस्क वाले लोगों को ओरल कैविटी के बारे में जागरूक होना चाहिए, और महीने में एक बार इसकी जांच करनी चाहिए। देश में बढ़ रहे कैंसर के मामले ये दर्शाते हैं कि इस बीमारी के बारे में लोगों के अंदर जागरूकता की कमी है, जिसके कारण रोग का देरी से पता चलता है और इलाज के बावजूद अच्छे नतीजे नहीं आते। कैंसर के इलाज और इसे रोकने के तरीकों के बारे में लोगों के बीच जागरूकता फैलाने की जरूरत है। लाइफस्टाइल में बदलाव और समय पर डायग्नोज काफी अहम है। वहीं, आजकल बेहतर और एडवांस तकनीक आजकल उपलब्ध हैं। इसके अलावा बीमारी की प्रारंभिक पहचान बेहद जरूरी है क्योंकि लक्षण इग्नोर करने पर रोग की गंभीरता बढ़ सकती है और फिर इलाज में चुनौती पेश हो सकती है। मुंह में छाले होना, निगलने के दौरान कठिनाई और दर्द, लाल या सफेद पैच जो मुंह के अंदर लगातार रहता है, इस तरह के लक्षणों को अनदेखा नहीं किया जाना चाहिए। ऐसे लक्षणों को अनदेखा करने से गांठ बढ़ सकती है जो घातक ट्यूमर में बदल सकता है।

# सड़कों के किनारे खड़े दर्जनों वाहन किये सीज

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। सड़क किनारे या नो पार्किंग में खड़े वाहनों के खिलाफ सीपीयू ने कार्रवाई करते हुए कई वाहनों को सीज किया । इसके साथ ही सीपीयू ने चालकों को चेतावनी दी कि दोबारा नो पार्किंग में वाहन खड़े मिले तो बख्शा नहीं जाएगा। जानकारी के मुताबिक सड़क किनारे खड़े वाहनों से सड़क हादसे हो रहे हैं। हादसों को रोकने के लिए सड़क किनारे या नो पार्किंग में खड़े वाहनों के खिलाफ सीपीयू ने कार्रवाई शुरू की। यह कार्रवाई काशीपुर रोड पर शुरू हुई। सीपीयू दरोगा सतपाल पटवाल के नेतृत्व में सीपीयू दरोगा दिनेश चन्द्र, एसआई मुन्ना,रवि कुमार, गणेश,पूरन, नारायण काशीपुर रोड पहुंचे। सीपीयू ने नो पार्किंग में खड़े बड़े वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की। सीपीयू दरोगा पटवाल के मुताबिक नो पार्किंग में खड़े आधा दर्जन वाहनों को सीज किया और कई वाहनों को चालान की कार्रवाई की। इसके साथ ही सड़क किनारे खड़े वाहनों पर भी कार्रवाई की गई। बता दें कि सड़क किनारे वाहन खड़े होने पर दुघर्टनाएं हो रही है। दुघर्टनाओं को रोकने को सीपीयू ने उच्चाधिकारियों के आदेश पर कार्रवाई शुरू की।



# स्वीटी कोहली के सिर सजा तीज क्वीन का ताज

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भारत विकास परिषद शाखा काठगोदाम का तीजोत्सव कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। जिसमे संस्कार शिविर मे मेहंदी प्रतियोगिता मे जो वंचित परिवारों की विजयी बालिकाए चयनित हुई थी उनसे सदस्यों ने मेहंदी लगवाई एवं उन्हें आर्थिक लाभ दिया। दीप प्रज्ज्वलन शाखा सचिक रश्मि जैन, महिला संयोजिका रेणुका गर्ग, ममता खुल्लर, सुजाता माहेश्वरी, नीलम शर्मा ने किया। रौशनी बच्चो द्वारा निर्मित राखियों को सदस्यो ने खरीदा जिससे उनका उत्साह वर्धन हुआ। तीज क्वीन



का ताज स्वीटी कोहली के सिर पर सजा। कार्यक्रम में तीज ताम्बेला, विभिन्न नृत्य कार्यक्रम का मंचन हुआ। कार्यक्रम मे अलका सुजाता माहेश्वरी, कनिका बमेटा, विमला भट्ट, रेनू बिष्ट, गरिमा सिंघल, वंदना, पलक मदान, रेणुका, ममता खुल्लर, नीलम शर्मा, शिवानी पाल, पारुल गुप्ता, नीतू मित्तल, रूचि, अरुणा सक्ससेना, आभा आदि थे।

# बन्दर बन्ध्याकरण केंद्रों की संख्या बढ़ायें : सीएस

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने बुधवार को सचिवालय में वन एवं पशुपालन विभाग के अधिकारियों के साथ विभिन्न विषयों पर चर्चा की। सीएस ने कहा कि बन्दरों व जंगली सुअरों के द्वारा प्रदेश में खेती को अत्यधिक नुकसान हो रहा है। बन्दरों की संख्या को सीमित करने हेतु उनका बन्ध्याकरण किया जाए। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि बन्दरों के बन्ध्याकरण के लिए बन्दर बन्ध्याकरण केंद्रों की संख्या बढ़ायी जाए। इसके लिए पशुपालन विभाग द्वारा पशुचिकित्सकों एवं अन्य सहायक स्टाफ की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मुख्य सचिव ने फसलों को जंगली सुअरों से होने वाले नुकसान की रोकथाम के लिए भी योजना तैयार किए जाने के निर्देश दिए। कहा कि दूरस्थ पर्वतीय क्षेत्रों में लोगों को खेती के लिए प्रोत्साहित करने के लिए बंदरों और जंगली सुअरों से होने वाले नुकसान को कम करना होगा। इस अवसर पर मुख्य सचिव ने पिरूल से ईंधन के रूप में प्रयोग होने वाले पैलेट्स तैयार करने और ईको पार्क योजना की प्रगति की जानकारी भी ली। उन्होंने अधिकारियों को योजनाओं की निरन्तर मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रमुख सचिव श्री आर.के. सुधांशु, वन विभाग प्रमुख (हॉफ) श्री अनूप मलिक एवं सचिव पशुपालन डॉ. बी.वी.आर.सी. पुरूषोत्तम सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# बालक से कुकर्म का आरोपी गिरफ्तार

किच्छा(उद संवाददाता)।आठ वर्षीय बालक के साथ दरिन्दगी करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 12निवासी एक व्यक्ति ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर कहा कि उसके नाबालिक पुत्र को चांद बाबू पुत्र बुंदन निवासी मोहल्ला सागर बहेड़ी बरेली हाल निवासी सिरौली नूरी मस्जिद बहला-फुसलाकर खेत में ले गया और नाबालिक पुत्र के साथ कुकर्म करने लगा। बालक के शोर मचाने पर उपरोक्त चांद बाबू भाग गया पुलिस ने कार्रवाई करते हुए विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।पुलिस टीम में धीरेंद्र कुमार, विनोद फर्त्याल,नीलम मेहरा,जगमोहन सिंह, दीपक बोरा शामिल थे।



# फूड वैन संचालकों पर कार्रवाई के निर्देश

नैनीताल। हाईकोर्ट ने जिले के भवाली, नैनीताल, हल्द्वानी व कालाढूंगी रोड पर बिना अनुमति संचालित फूड वैन के मामलों पर स्वत: संज्ञान लिए जाने वाली जनहित याचिका पर सुनवाई की। न्यायमूर्ति शरद कुमार शर्मा व न्यायमूर्ति रविन्द्र मैठाणी की खंडपीठ ने जिला प्रशासन व पालिका को बिना लाइसेंस फूड वैन लगाने वालों के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। पालिका सहित संबंधित वन क्षेत्राधिकारी को फूड वैन के आसपास किए गए अतिक्रमण को तत्काल प्रभाव से हटाने को कहा है।नैनीताल परिक्षेत्र में संचालित फूड वैन के मामले में हाई कोर्ट ने 16 फरवरी को स्वत: संज्ञान लेकर जिलाधिकारी व ईओ नगरपालिका से स्थिति स्पष्ट करने को कहा था।पूर्व में कोर्ट ने डीएम से पूछा था कि किस नियमावली के तहत फूड वैन लगाने की अनुमति दी गयी। डीएम की ओर से कोर्ट को बताया गया कि फूड वैन लगाने का लाइसेंस दिया गया है लेकिन मोटर यान अधिनियम में इसका कोई प्रविधान नही है।

## पेज एक का शेष...

800 **पेटी बियर ले जाते....**को ट्रैक्टर रैली निकालने लगे। रैली को प्रशासन ने मंडी के पास रोक लिया। जिसे लेकर पुलिस के साथ किसानों की नोंक झोंक हुई। किसान मौके पर ही धरना देकर बैठ गये। बरेली रोड पर नवीन मंडी के सामने नेशनल हाई वे पर धरना शुरू होने से वहां जाम लग गया। मौके पर पहुंची सिटी मजिस्ट्रेट ॠचा सिंह, एसपी सिटी हरबंश सिंह को किसान नेताओं ने खूब खरी खोटी सुनाई। किसान नेताओं का आरोप है कि प्रशासन ने 400 ट्रैक्टर की हल्द्वानी तक रैली निकालने की अनुमति दी थी। लेकिन अब प्रशासन उन्हें रोक रहा है। किसानों का कहना है कि प्राधिकरण के रेरा एक्ट के तहत उनकी जमीनों को बेचने का उनका अधिकार छीना जा रहा है। किसानों ने प्राधिकरण के रेरा एक्ट के आधार पर उनका उत्पीड़न करने का आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी की। इस दौरान पूरा यातायात बाधित रहा। सिटी मजिस्ट्रेट और पुलिस प्रशासन ने कई बार की किसानों से वार्ता की लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला था। समाचार लिखे जाने तक किसान ट्रैक्टरों के साथ मौके पर ही जमे थे।

**रिटायर्ड बैंक प्रबंधक...**रिश्तेदार बताया। उसने कुछ ऐसी बातें कही जिससे डा. मनमोहन सिंह उसके झांसे में आ गये। फोन करने वाले ने बताया कि उसके किसी मित्र की माताजी लखनऊ में किसी अस्पताल में भर्ती हैं और जटिल बिमारी से ग्रसित हैं उनका आप्रेशन होना है जिसके लिए चार लाख रूपये तुरंत चाहिए। फोन करने वाले ने डा. मनमोहन सिंह ने कहा कि वह व्यस्त होने के कारण पैसे नहीं भेज पा रहा है ।उसने डा. मनमोहन सिंह से चार लाख रूपये एक खाते में डालने का अनुरोध किया और शाम तक पैसे लौटाने की बात कही। डा. मनमोहन सिंह ने शातिर ठग के झांसे में आकर बताये गये एचडीएफसी बैंक के खाते में चार लाख रूपये ट्रांसफर कर दिये। बाद में विदेश में रह रही अपनी पुत्री से डा. मनमोहन सिंह ने फोन पर बात की और उन्हें रिश्तेदार से हुई बातचीत और लेन देन के बारे में बताया तो बेटी ने तुरंत रिश्तेदार को फोन किया। तब पता चला कि रिश्तेदार ने डा. मनमोहन सिंह को कोई फोन ही नहीं किया। बल्कि शातिर ठग ने खुद को रिश्तेदार बताकर इस ठगी को अंजाम दिया। ठगी का अहसास होने पर डा. मनमोहन सिंह ने साईबर क्राइम पुलि को मामले की जानकारी दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने रिटायर्ड बैंक अधिकारी को पैसे की रिकवरी के लिए आश्वस्त किया है। इस तरह की ठगी का यह पहला मामला नहीं है। जिले में इस तरह की ठगी के कई मामले पहले भी सामने आ चुके हैं। साईबर ठग तरह तरह से लोगों को झांसे में लेकर उनकी मेहनत की कमाई को लूट रहे हैं हैरानी की बात यह है कि समझदार और पढ़े लिखे लोगों को भी शातिर ठग अपना शिकार बना रहे हैं।

**सिंचाई विभाग कर्मी...**दिया। घायल अवस्था में सिंचाई कर्मी को तत्काल समीप के एक निजी अस्पताल ले जाया गया लेकिन इसी बीच उसने जीवन मृत्यु से संघर्ष करते हुए दम तोड़ दिया। मृतक के एक पुत्र उस्मान है। वह अभी अविवाहित है। सूत्रों का कहना है कि आरोपी बाइक चालक को स्थानीय पुलिस द्वारा पकड़ लिया गया है। उधर दूसरी ओर अकस्मात घटी घटना को लेकर मृतक परिवार में कोहराम मचा है।

**सेना की तैयारी के लिये...**शहर में निजी कंपनी में कार्य करते हैं, प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार दौड़ते वक्त गिरे उक्त युवक के नाक से अचानक खून बहने लगा जिसे तुरंत ही सुशीला तिवारी अस्पताल हल्द्वानी ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**ट्रांसपोर्ट स्वामी से लाखों...**नौकरी करता था। बालकृष्ण शर्मा उसकी अनुपस्थिति में आफिस के लेन-देन सहित सभी कार्य देखता था। उसने अचानक 4जून 2023 से आफिस आना बंद कर दिया। जब उससे सम्पर्क करना चाहा तो उसके सारे मोबाईल नम्बर बंद मिले । उसके घर पहुचा तो उसी पत्नी पूजा शर्मा ने कहा वह घर भी नही आ रहे है न हमारा कोई सम्पर्क हो रहा है। शक होने पर जब आफिस के एकाउण्ट को देखा गया तो ज्ञात हुआ कि बाल कृष्ण ने पत्नी पूजा शर्मा व अपने साथियों के खाते से फर्जी गाड़ियों की बुकिंग दिखाकर धोखाधडी की नियत से एडवास भाडे के तौर पर भुगतान किया। बाल कृष्ण शर्मा व उसके साथियों द्वारा फर्म के खाते से धोखाधड़ी करके लगभग 11.45,600 रूपये का गबन किया है। पुलिस ने रपट दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

**रूद्रपुर डिग्री कालेज ...** मिलेगा । विधायक शिव अरोरा ने प्रदेश के विकास को नई रफ्तार देने वाले मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह: धामी व उच्च शिक्षा मंत्री डॉ धन सिंह रावत का आभार जताया जिन्होंने उनके आग्रह पर सरदार भगत सिंह पीजी कॉलेज में गर्ल्स हॉस्टल व आईटी लैब निर्माण हेतु 6 करोड़ 27 लाख की धनराशि जारी की। विधायक अरोरा ने कहा रुद्रपुर हर क्षेत्र में आगे बढे इसके लिये लगातार प्रयास जारी है। हम क्षेत्र की जनता के लिये हर क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं चाहे वो शिक्षा हो स्वास्थ्य हो या क्षेत्र के विकास की बात हो इनके परिणाम आने वाले समय मे धरातल पर नजर आने लगेंगे।

**घायल युवक ने ...**यूके 19ए/2403 पर सवार होकर काशीपुर से वापस घर की ओर लौट रहा था इसी दौरान परतापुर पुलिस चौकी क्षेत्र में पल्सर मोटरसाइकिल संख्या यूके 07 डीएन/5508 से बाइक की बाइक से जबरदस्त भिड़ंत हो गई। हादसे की चपेट में आकर दोनों मोटरसाइकिल चालक जख्मी हुए। दोनों को गिरीताल रोड स्थित एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां दयाल के सिर में गंभीर चोट होने के कारण शुक्रवार की शाम उपचार के दौरान दम तोड़ दिया जबकि देहरादून निवासी अन्य मोटरसाइकिल चालक की हालत में सुधार होने पर उसे अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया। मृतक दयाल के एक-दो महीने का पुत्र है। उसकी शादी को लगभग 4 वर्ष हुए। अचानक घटित घटना को लेकर मृतक परिवार में शोक की लहर है।

**ट्रांसपोर्ट स्वामी का ट्रक ..**के लिए कहा तो उसने रमेश से किसी और ड्राईवर को दिलाने को कहा । जिस पर रमेश द्वारा अपने पहचान के राकेश पुत्र रघुराई निवासी रेवडाडी पोस्ट कौडीराम रेवारदीह, गोरखपुर के बारे मे बताकर ट्रक की चाबी व अन्य कागजात राकेश के सुपुर्द कर देने को कहा । हरपाल का कहना है वह अपने ट्रान्सपोर्ट आफिस आया तो ट्रक व ड्राईवर के बारे मे अपने स्टाफ से जानकारी की। उसे बताया कि रमेश द्वारा ओवर ब्रिज के नीचे खडे ट्रक को नया ड्राईवर राकेश अपने साथ लेकर गया । गाडी व ड्राईवर के बारे में आसपास अपने स्टाफ के माध्यम से पूरे इलाको मे खोजबीन कराई परंतु ट्रक व ड्राईवर के बारे में कोई जानकारी नही मिल सकी । आश्ंका है कि ट्रक राकेश पुत्र रघुराई अपने साथ लेकर कही चला गया है । पुलिस आरोपी चालक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर वाहन व चालक की खोजबीन शुरू कर दी है।

**युवक को हनी..**है। अगर विडियों डिलीट करवानी है तो 12 हजार रूपए दे दो। जिस पर उसके यूपीआई पर रूपए डाल दिए । लेकिन उसने उसके बावजूद विडियों डिलीट नहीं की। अभी तक वह उस व्यक्ति को 65 हजार रूपए दे चुका है और वह अभी भी कॉल कर रूपए की मांग कर रहा है। पुलिस ने मामले की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**मामूली बात पर बेटे...**बेटे दलजीत सिंह को सीने पर चाकू मारकर बुरी तरह से जख्मी कर दिया। परिजनों ने आनन फानन में उपचार के लिए नागरिक चिकित्सालय खटीमा ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने मृतक के छोटे भाई गुरजीत सिंह की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर बेटे की चाकू मारकर हत्या करने वाले पिता सलविंदर सिंह उर्फ छिंदा को गुरुद्वारा से ही गिरफ्तार कर लिया। थाना अध्यक्ष देवेंद्र गौरव ने बताया कि घटना में प्रयुक्त चाकू को भी बरामद कर लिया। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया जहां उसे जेल भेज दिया।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# हरिपुरा बौर जलाशय में शुरू हुई पैरासेलिंग

गदरपुर/गूलरभोज (उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड के प्रसिद्ध वाटर स्पोर्ट्स एवं पर्यटन केंद्र सांसद बलराज पासी ने हरीपुरा बौर जलाशय में उत्साह और रोमांच से भरपूर पैरासेलिंग (पैरासेंडिंग) का उद्घाटन अंतर्गत चयनित विधानसभा गदरपुर क्षेत्र के अंतर्गत पर्यटन केन्द्र हरिपुरा-बौर जलाशय में आज रोमांचकारी पैरासेलिंग के रूप में प्रसिद्धि मिलने से क्षेत्र में पर्यटन को तो निरन्तर बढ़ावा मिल ही रहा है, साथ ही रोजगार के भी नए उत्साहित हैं। हरीपुरा बौर जलाशय, विभिन्न दूरदर्शी योजनाओं के अनुसार क्षेत्र को आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर विश्व मानचित्र में उभरेगा। उन्होंने कहा सभी पर्यटकों, आगंतुकों का आह्वान करता हूँ कि वाटर स्पोर्ट्स एवं रमणीय







हरीपुरा/बौर जलाशय को उन्नत और विश्वस्तरीय पर्यटन स्थल बनाने की दिशा में किये जा रहे कार्यों- प्रयासों के क्रम में विधायक अरविंद पांडे एवं पूर्व किया। इस अवसर पर वहीं पूर्व कैबिनेट मंत्री वर्तमान गदरपुर से विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि उत्तराखण्ड में 'पर्यटन को उद्योग का दर्जा' के का उद्घाटन किया गया है।इससे यहां पर्यटन विकास पर चार चांद लगेंगे। उन्होंने कहा कि वर्तमान में हरिपुरा-बौर जलाशय को पर्यटन व वाटर स्पोर्ट्स हब अवसर विकसित हो रहे हैं। जलाशय, वाटर स्पोर्ट्स से सम्बंधित खेल हेतु एक अलग पहचान भी बना रहा है, जिससे खेल भावना के अनुरूप युवा प्रेरित और करने में सहायक सिद्ध हो रहा है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आगामी समय में हरिपुरा बौर जलाशय पर्यटन केंद्र, विश्वस्तरीय पर्यटक स्थल बनकर पर्यटन केंद्र के रूप में प्रसिद्ध हरीपुरा बौर जलाशय गदरपुर, जिला ऊधम सिंह नगर में आएं तथा प्राकृतिक सौंदर्य और रोमांचकारी पैरासेलिंग का आनन्द लें।

## विद्युत कटौती के खिलाफ दीया जलाकर किया प्रदर्शन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। उमस भरी गर्मी में 5 से 6 घण्टे की हो भारी विद्युत कटौती के विरोध में यूथ कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष हेमन्त साहू की अगुवाई में लोगों ने दीया व मोबाइल की लाईट जलाकर विधुत विभाग की कार्यप्रणाली पर जमकर रोष जताया। साहू व सामाजिक कार्यकर्ता प्रीती आर्या ने कहा उमस भरी गर्मी में 5 से



6 घण्टे की हो रही अघोषित विद्युत कटौती से जीना मुश्किल हो रहा है। बच्चों की पढ़ाई में भारी व्यवधान आ रहा है।व्यवस्था ठीक नही होने पर उग्र अंदोलन किया जायेगा। इस मौके पर शांति देवी, लालू राम राधा आर्या, चन्दन आर्या, पूरन राम, अनीता देवी, उमा देवी, अंजली देवी, कमलेश कुमार, काजल, पूजा, नवल आर्या आदि थे।

## धूमधाम से मना स्वामी नारायण चैतन्य का जन्म दिन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मंदिर मनकामेश्वर कल्याण आश्रम देवपुरी में पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर आयोजित श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान स्वामी नारायण चौतन्य जी महाराज ने श्री चुघ को आशीर्वाद देते हुए उनके तथा उनके परिवार के लिए मंगल कामनाएं की। इस मौके पर प्रवचन के दौरान कथा सकेगा। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा में मनुष्य को अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने, समाज के प्रति अपने दायित्वों को निभाने, जरूरतमंद, गरीब, मनुष्य वास्तविक अर्थों में इंसान कहना कहलाने लायक बन सकता है। इस दौरान विजय फुटेला, अमित गौड़, कुंदनलाल अग्रवाल, रामबाबू मिश्रा,





महायज्ञ के मौके पर कथा व्यास स्वामी श्री नारायण चौतन्य ब्रह्मचारी जी महाराज के पावन जन्मोत्सव पर गत रात्रि वरिष्ठ समाजसेवी एवं भाजपा नेता भारत भूषण चुघ ने उन्हें जन्मदिवस की शुभकामनाएं देते हुए उनका माल्यार्पण कर एवं पगड़ी पहना पर स्वागत करते हुए बधाई दी। व्यास स्वामी नारायण चौतन्य ब्रह्मचारी जी महाराज ने कहा कि जो भी श्रद्धालु श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करने आ रहे हैं। उन्हें कथा का ध्यान मग्न होकर श्रवण करने के साथ ही कथा में बताए गए आदर्शों को अपने जीवन में उतारना भी चाहिए। तभी कथा श्रवण का लाभ मिल असहाय व बेसहारा लोगों की मदद करने, समाज में व्याप्त कुरीतियों एवं बुराइयों को दूर करने सहित कई सीख प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि कथा के दौरान प्रभु भक्ति में गाए गए भजन में भी कुछ ना कुछ प्रेरणा छुपी होती है जिसे पहचान कर अपनी दिनचर्या में उतारना होगा। तभी विजय अग्रवाल, अशोक मित्तल, अशोक अरोरा, संतोष शर्मा, संजीव अरोरा, विजेंद्र सिंह, दिनेश सिंह, रवि खण्डेलवाल, नंद लाल, राजकुमार अरोरा, विजय दीक्षित, पंकज कपूर, सुशीला शर्मा, गंगा देवी, शकुंतला अनेजा, सोनिया गंभीर, शशि अरोरा, संगीता जुनेजा, राज अरोरा आदि थे।

